हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 24 अगस्त, 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]









## खबर संक्षेप

### नंदनी का मेडिकल के लिए चयन



**मड़ियान।** झिंझारी के मोरध्वज साहू की पुत्री नंदनी साहू का नीट परीक्षा क्लीयर करने के बाद एमबीबीएस में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। नंदनी ने प्रयास विद्यालय रायपुर में पढ़ाई करते हुए 10 वी में 92 और 12 वी में 95 प्रतिशत अंक हासिल किया था। भिलाई में कोचिंग कर नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है। नंदनी ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता पिता को दिया है।

### उप मुख्यमंत्री से मिले अध्यक्ष, रखी मांगे

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत एलबीनगर के अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने गत दिनों उप मुख्यमंत्री अरुण साव से रायपुर में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर विकास के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन, पंचमुखी हनुमान मंदिर का सौंदर्यीकरण, गार्डन निर्माण, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से कारीपाठ मंदिर तक पहुंच मार्ग, व्यवसायिक परिसर की मांग रखी। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने जल्द स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व महामंत्री भरत वर्मा, जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी मौजूद थे।

### ड्राइवरों को किया जागरूक



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला शाखा ने गंडई तहसील कार्यालय के पास मुख्य मार्ग पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष भागीराम साहू के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने कवर्धा और राजनांदगांव की ओर आने-जाने वाले वाहनों को रोककर ड्राइवरों से बातचीत की और कई जरूरी बाते बताई। जैसे कि ड्रेस कोड का पालन करना, वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना। संगठन के सदस्यों ने ड्राइवरों को अपने संघ से जुड़ने का आह्वान किया और उन्हें संघ की प्रमुख मांगों के बारे में भी जानकारी दी। महासंगठन की प्रमुख मांगों में छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन, ड्राइवर आयोग का गठन, 20 लाख रुपये का मुआवजा, 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित करना और पेंशन योजना शुरू करना शामिल हैं। इन मांगों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से संबंधित पर्चे भी ड्राइवरों को बांटे गए।

### पेंशनर्स महासंघ के जिला संयोजक बने चित्रदत्त दुबे

**खैरागढ़।** राज्य पेंशनर्स महासंघ के जिला इकाई गठन की बैठक में सेनि करारोपण अधिकारी चित्रदत्त दुबे को प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने जिला संयोजक नियुक्त किया। बैठक में डॉ जीवन यदु, डॉ. प्रशांत झा, एसएम नायडू, रविन्द्र अग्रवाल, ज्ञानदास साहू, रविन्द्र कर्महे ने पेंशनरों की समस्या पर विचार व्यक्त किया। बैठक में संभागीय अध्यक्ष बीके वर्मा, संगठन मंत्री टीपी सिंह, रायपुर जिला अध्यक्ष आरजी बोहरे और जल संसाधन विभाग के संयोजक हरेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने बताया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ राष्ट्रीय विचार धारा को लेकर देश हित के साथ पेंशनरों के हित में कार्य करने वाला एकमात्र संगठन है। प्रदेश में महासंघ ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है जिसमें प्रदेश में सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल स्टेट बैंक, पृथक पेंशन संचालनालय स्थापना के साथ कई अनेक पेंशनर्स हितैषी महत्वपूर्ण मामलों पर उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकार धारा 49 के बहाने पेंशनरों के महंगाई राहत को लेकर आर्थिक शोषण कर रही है और मोदी के गारंटी के तहत केंद्र के समान महंगाई राहत देने में षड़यंत्र कर एरियर हड़प कर लगातार अन्याय कर रही है।

---

### दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी

# मांगों को लेकर एनएचएम संघ का धरना जारी, हवन पूजन बाद जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सालों से लंबित दस सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रदेश में कार्यरत एनएचएम कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। अंबेडकर चौक में धरने पर काबिज संघ सदस्य विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने प्रयासरत है।

प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में काबिज संघ पदाधिकारियों ने बताया कि संघ बीते बीस सालों से प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत है। कई राज्यों में एनएचएम कर्मियों को ग्रेड पे, समान काम समान वेतन, जॉब सुरक्षा, अनुकंपा, मेडिकल बीमा, चिकित्सा अवकाश जैसी आवश्यक सुविधाएं मिलने लगी है, लेकिन प्रदेश में ऐसा सकारात्मक बदलाव आज पर्यन्त नहीं किया गया जिससे कर्मचारियों की सामाजिक आर्थिक दशा बेहतर हो सके। वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत उक्त समस्याओं के समाधान का वादा भी किया है लेकिन दो साल होने को सरकार इस दिशा मे गंभीर नहीं है। संघ ने एनएचएम के अनुभवी संविदा कर्मियों के सेवाकाल व कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अन्य राज्यों की तर्ज पर संविलियन और स्थायीकरण करने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश मे जैसे शिक्षा विभाग में कार्यरत हजारों शिक्षाकर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया है उसी तरह उन्हें भी इसका लाभ दिया जाए। कोरोना काल के दौरान पीड़ित मरीजों की देखरेख तीमारदारी को लेकर संघ सदस्यों ने उसका जीवंत प्रदर्शन किया कि कैसे परिवार वाले कोरोना पीड़ित मरीज से दूरी बना लेते थे, लेकिन एनएचएम कार्यकर्ता जान हथेली पर रखकर उसकी सेवा करते थे। प्रदर्शन के दौरान संघ के कुछ सदस्य कोरोना पीड़ित और परिजन बने जबकि कुछ ने कोरोना वारियर्स के ड्रेस मे भूमिका निभाई।



#### भर्ती में पचास फीसदी आरक्षण और अनुकंपा की मांग

पृथक पब्लिक हेल्थ कैडर का गठन कर क्लिनिकल व मैनेजमेंट कैडर के एनएचएम कर्मचारियों को समायोजित करने, पद, योग्यता व कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारित करने, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता बरतने, जुलाई 23 को संविदा कर्मचारियों के लिए घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ देने, स्थायीकरण के लिए नीति बनने तक स्वास्थ्य विभाग में हो रही नियमित भर्तियों में एनएचएम कर्मचारियों के लिए मध्य प्रदेश की तरह 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने, सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मियों के परिजनों को मानवीय आधार पर अनुकंपा नियुक्ति की सुविधा देने, नियमित कर्मियों के समकक्ष सवैतनिक चिकित्सा अवकाश, संतान पालन अवकाश, अर्जित अवकाश जैसी सुविधाएं प्रदान करने, चिकित्सकीय आवश्यकता, पारिवारिक दायित्व, पति-पत्नी प्रकरण को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी और मानवीय स्थानांतरण नीति बनाने के अलावा न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेश चिकित्सा बीमा सुविधा देने की मांग की है। इस दौरान संघ के बृजेश ताम्रकार, आकाश तंबोली, अभिषेक शर्मा, मोहन साहू, डॉ आकाश कन्नौजे, संदीप क्षीरसागर, मनमोहन जंघेल, डॉ नेहा साहू, खेमराज साहू, विवेक मेश्राम, सुरेश सहारे, नीतू शर्मा, भारती निर्मलकर डॉ अनुराधा वर्मा, हेमंत साहू सहित दोनो ब्लाक के सौ के आसपास संघ सदस्य मौजूद थे।

---

# गुपचुप खाने से 40 ग्रामीण हुए बीमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार जारी

शुक्रवार को गिधवा के 40 ग्रामीण गुपचुप खाने के बाद बीमार हो गए। प्रभावितों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है। 40 ग्रामीणों के बीमार होने की जानकारी मिलने के बाद जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी नेतराम नवरतन यहां पहुंचे और प्रभावितों को समुचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश बीएमओ नंदकिशोर टंडन को दिया। वह स्वयं चिकित्सा सेवा देने जुटे रहे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की मीटिंग ली एवं गिधवा के मरीजों से मुलाक़ात कर स्वास्थ्य परीक्षण किया।

#### कम पड़े बिस्तर

बीएमओ डा नंदकिशोर टंडन ने बताया कि एक साथ 40 मरीजों के दाखिल होने से बेड की व्यवस्था करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा, किन्तु जैसे तैसे व्यवस्था किया गया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य भवन का विस्तार किया जाना आवश्यक है। इस दौरान मलेरिया अधिकारी डा बीएल तुलावी, बीईटीओ अमृता जैन मौजूद थे।

---

### जिले के लिए मानी जा रही ऐतिहासिक उपलब्धि

# भोथली उप स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




जिले के दुर्गम ग्राम भोथली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने हाल ही में केंद्र का निरीक्षण कर सुधार संबंधी दिशा-निर्देश दिया था जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान दिया, जिसका परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रमाणन है। सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की टीम भावना का परिणाम है। इस सफलता से जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को भी गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रेरणा मिलेगी। आईक्यूएएस प्रमाणन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक चंद्रा ऊईके व संजय वर्मा, पर्यवेक्षक डीआर जत्ती, सेक्टर प्रभारी आकांक्षा सिंह, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बृजेश ताम्रकार, बीडीएम ऐश्वर्य गजेन्द्र और बीएमओ डॉ. मनीष बघेल का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसके साथ ही, यूनिसेफ छत्तीसगढ़, संभागीय क्वालिटी सलाहकार कविता चंद्राकर, डीपीएम सोनल धुरव, प्रभारी ट्रेनिंग समन्वयक खिलेश साहू, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, ग्राम पंचायत भोथली सहित मितानिन बहनों का भी विशेष सहयोग रहा।

---

# लैंगिक संवेदीकरण पर कार्यशाला




**रामाटोला।** रानी अवंतीबाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामाटोला में पीएम उषा योजना अंतर्गत प्रभारी डॉ. मनोज रंगारी के निर्देशन में महिलाओं के प्रति लैंगिक संवेदीकरण विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला के प्रथम दिवस अधिवक्ता संध्या देशपाण्डे, दूसरे दिन अधिवक्ता अशोक पाण्डे, तीसरे दिन सहायक जेल अधीक्षक राहुल गंगराले, चतुर्थ दिन अधिवक्ता लूनकरण उके, पांचवी दिन स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य दानेश सिन्हा, छठे दिन अधिवक्ता सुमित साहू, सातवे दिन अतिथि प्राध्यापक कविता यदु ने विषय पर अपने विचार रखे। कार्यशाला की शुरूवात राजकीय गीत से हुई। अधिवक्ता श्रीमती देशपांडे ने जेंडर सेंसेटाइजेसन के संबंध में कहा कि वर्तमान समय में स्त्री एवं पुरूष में भेद नहीं किया जा सकता, बल्कि दोनो को समानता का अधिकार हासिल है। लड़कियां हर परिस्थिति में आगे बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि पुरूष एवं महिला को मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रंजना राम ने आचरण की सभ्यता पर बल दिया। अंत में आभार व्यक्त डॉ. ज्योतिबाला बारसागढ़े ने कियाञ। संचालन डॉ. संगीता रंगारी ने किया।

---

# छात्रा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




■ सायबर सुरक्षा और नशा मुक्ति पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

महिला एवं बाल विकास संस्था ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत बुधवार को हाईस्कूल रामाटोला, हाईस्कूल जंगलपुर एवं हाईस्कूल हरदी में साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को साइबर अपराध के खतरों से बचने के तरीके और नशे से दूर रहने की सीख दी। कार्यक्रम में 260 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल युग में अज्ञात लिंक, फेंक प्रोफाइल, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी अकाउंट और फोटो के दुरुपयोग जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। छात्राओं को समझाया गया कि अपना पासवर्ड कभी साझा न करें। अनजान लिंक या ई-मेल पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले जांच अवश्य करें। साइबर बुलिंग की जानकारी तुरंत परिजनों या शिक्षकों को दें। आनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम में उप निरीक्षक नरेश बंजारे, ईशा ओगरे, महिला आरक्षक हिना चंद्राकर, पुलिस चौकी सुकुलदैहान के दीपचंद वर्मा, पेमिन, जेंडर विशेषज्ञ नीलम साहू, जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी आदि शामिल हुए।

---

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में परिचयात्मक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज में शैक्षणिक सत्र 25-26 के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का परिचयात्मक कार्यक्रम उत्साह और गरिमामय माहौल में आरंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से डॉ. मकसूद खानव डिंपल ठाकुर उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री चंद्रपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलती तकनीक दुनिया में स्वयं को निरंतर अपडेट रखना आवश्यक है। उन्होंने मेक एंड ब्रेक की अवधारणा पर चर्चा करते हुए छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति जागरूक और अवसरों के प्रति सकारात्मक रुख रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने संस्था की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कॉलेज रोजगार प्रदाय में प्रदेश के अग्रणी संस्थानों में से एक है।

#### अल्प अवधि में बनाई खास पहचान

जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने छात्रों को अनुशासन, धैर्य और लगन को सफलता की कुंजी बताते हुए उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लक्ष्य पूर्ति में प्रशासन हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। प्राचार्य शंकर वराठे ने अतिथियों व छात्रों का स्वागत करते हुए बताया कि 1998 से यह संस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिचयात्मक कार्यक्रम सिर्फ स्वागत का औपचारिक अवसर नहीं बल्कि विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपरा से परिचित कराने और उनमें टीमवर्क, मित्रता एवं सहयोग की भावना विकसित करने का माध्यम है। उक्त कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा, जिसमें साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, प्राथमिक चिकित्सा, उद्यमिता, यातायात व सडक सुरक्षा, शासन की योजनाओं की जानकारी, नवाचार एवं प्रोफेशनल एथिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अंशु प्रीति कुजूर, व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय स्टाफ की उपस्थिति रही। अंत में प्राचार्य ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह व पुष्प भेंटकर आभार व्यक्त किया।

---

### टीएल की बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा

# एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की प्रगति सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागवार कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों और विकास कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। कलेक्टर ने एग्री-स्टैक पोर्टल में किसानों के पंजीयन कार्य में प्रगति लाने का निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्य सीधे किसानों के हित से जुड़ा है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे, इसके लिए नियमित समीक्षा और सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।



#### सीएम की घोषणाओं पर त्वरित अमल

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं, लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए की गई घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। जिन कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हो चुका है, उनमें किसी भी स्तर पर विलंब न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को ई ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता के साथ संचालित करने कहा। बैठक में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमनराज, दोनों अनुभागों के एसडीएम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### अपूर्ण कार्यों को समय-सीमा में करें पूरा

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अनुसूचित जाति प्राधिकरण और मध्य क्षेत्र प्राधिकरण अंतर्गत अपूर्ण और अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दोनों जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराएं। उन्होंने समग्र शिक्षा अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया और स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समय-सीमा से बाहर लंबित सभी प्रकरणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कोंकोंपर बैठे आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी सीएमओ और जनपद पंचायतों के सीईओ को दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई कर मवेशियों को सड़कों से हटाने और उनका स्थायी प्रबंध करने कहा।

---

# बैल दौड़ में हेमंत प्रथम स्थान किया हासिल



**घुमका।** नगर में पोला पर्व बरसते पानी के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया। महाराणा प्रताप चौक में नगर किसानी समिति के तत्वावधान में खेल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भगवताचार्य गणपत दुबे थे। अध्यक्षता पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने की।

इस मौके पर आयोजित बैल दौड़ स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार हेमंत पटेल ने प्राप्त किया जिन्हें 2001 रूपए नोहेंद्र सिन्हा की ओर से प्रदान किया गया। इसी प्रकार नगर किसानी समिति के सौजन्य से द्वितीय पुरस्कार 1501 रूपए मिथिलेश वर्मा ने प्रदान किया। फुगड़ी में प्रथम गरिमा पटेल, द्वितीय गीतांजलि वर्मा, तृतीय रेणुका यादव, चतुर्थ गुंजन वर्मा ने प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में पैनुर वर्मा प्रथम, द्वितीय रेणुका यादव, तृतीय स्थान त्रिवेणी वर्मा को मिला। रस्सा खींच में मेनका वर्मा एवं उनकी टीम ने बाजी मारी।

महिला मटका फोड़ में अन्नपूर्णा वर्मा, पुरूष में राहुल वर्मा विजेता रहे। सभी को नगर किसानी समिति के सौजन्य से पुरस्कृत किया गया। संचालन डिलेश्वर वर्मा ने किया। इस दौरान जयकुमार वर्मा, पीयूष दुबे, खेमचंद, पप्पू वर्मा, मगनदास वर्मा, रूपनारायण साहू, मुरली वर्मा, गौतम वर्मा, उत्तम वर्मा, रुसुम वर्मा, मन्नू वर्मा, आर्यन वर्मा आदि मौजूद थे।

---

### शहरयार बने सचिव

**डोंगरगढ़।** एनआरसीए शतरंज एसोसिएशन के सचिव पद पर राजनांदगांव के 19 वर्षीय मो शहरयार को मनोनीत किया गया है। उनका चयन पदाधिकारियों, सदस्यों की सहमति से किया गया है। वह शतरंज के जानकर, आयोजक और मार्गदर्शक है। वह कई खिलाड़ियों को खेल की शिक्षा दे चुके है।

**भूमि विक्रय संबंधी ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार सुजीत दत्ता पिता कमल कांत दत्ता निवासी- 160 ठाकुर गली दिवान पारा, वार्ड नं. 22 राजनांदगांव जिला राजनांदगांव छ. ग. का रहने वाला है जो कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण 1. कमलेश शुक्ला पिता स्व. रामकुमार शुक्ला 2. विमला शुक्ला पति रामकुमार शुक्ला दोनो निवासी नरसिंग वार्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. के अधिकार एवं स्वामित्व में नजूल शहर डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 1638 / 1अ क्षेत्रफल 680 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा सुजीत दत्ता द्वारा बयाना स्वरूप राशि प्रदान कर दिया गया है विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार को आश्वस्त किया गया है कि वे इकरारनामा में लिखित नियत तिथी को पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ उप पंजीयक कार्यालय में उपस्थित कर पंजीयन करेगें । जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, कम्पनी या अन्य द्वारा उक्त भूमि के विक्रय के संबंध में कोई आपत्ति हो वह ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय कागजाद के मेरे पक्षकार या मुझसे संपर्क करे। समय बितने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। अतएव सूचना जाने।

सी.पी. मिश्रा अधिवक्ता
सिविल लाईन्स डोंगरगढ़
मो. नं. 09425559988

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025




सूरत साड़ी मेला
तीजा सहित अन्य पर्व के लिए सूरत की साड़ियों का विशाल संग्रह उपलब्ध
खरीदें सूरत के दाम पर
अब एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिए खरीदें कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
- शेरवानी
- सूट
- ब्लेजर
- साड़ियां
- रेडीमेड
- लायचा
- होजयारी
- हैंडलूम
- सूटिंग
- फर्निशिंग
- शर्टिंग
- किड्स वियर

## अंबेडकर चौक में डिजनी लैंड, महावीर चौक में गोकुल नगर की थीम पर स्थल सजावट, विराजेगी 15 फीट से ऊंची लाखों की आधा दर्जन मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 27 अगस्त से शुरू होने जा रहे गणेश पर्व को लेकर शहर सहित अंचल में बड़े ही धूमधाम से तैयारियां शुरू हो गई है। विशालकाय मूर्तियों के साथ ही इस बार आकर्षक स्थल सजावट भी शहर में देखने को मिलेगी, जहां अंबेडकर चौक में डिजनी लैंड की थीम पर पंडाल तैयार किया जा रहा है। वहीं महावीर चौक में वृंदावन की थीम पर सजावट हो रही है। इसके अलावा शहर में पंद्रह फीट से अधिक उंची करीब आधा दर्जन मूर्तियों की स्थापना समितियों द्वारा की जाएगी। खास बात यह है कि इन मूर्तियों की कीमत ही दो से ढाई लाख रुपए है।

इधर छोटी मूर्तियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों ने भी अपनी दुकानें सजाना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि बड़ी संख्या में लोग गणेश चतुर्थी से एक या दो दिन पहले ही मूर्तियां खरीदी कर लेते हैं। इसके साथ ही एडवांस बुकिंग भी कराते हैं। यही कारण है कि अभी से ही मूर्तियों के चयन बाद बुकिंग का दौर शुरू हो गया है। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार शहर में ही छोटे-बड़े करीबन तीन सौ गणेश पंडाल इस बार लगाए जाएंगे। जिसके चलते किराये भंडार के पास भी ढ़ेरों आर्डर है। शहर की लगभग सड़कों पर गणेश पंडाल तैयार किए जाने का काम शुरू हो गया है।

### खास बातें

- बड़ी मूर्तियों के साथ मूर्तियों की भी सजने लगी शहर में दुकानें
- विसर्जन झांकी को लेकर भी समितियों ने शुरू की तैयारियां



### आकर्षित पंडाल भी किए जा रहे तैयार

शहर में मित्र मंडल, लघु मंडल, उमंग मंडल, बस स्टैंड सहित करीबन दर्जनभर गणेश समितियों द्वारा 12 फीट से अधिक ऊंची मूर्तिया स्थापित की जा रही है। इसके साथ ही शहर में समितियों द्वारा गणेश पंडाल को आकर्षित बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।



### पहुंचने लगी गणेश प्रतिमाएं

भले ही गणेश उत्सव की शुरुआत 27 अगस्त से होगी, लेकिन शहर में बड़ी मूर्तियां स्थापित करने वाली समितियों ने अभी से ही मूर्तियों को लाकर पंडाल में स्थापित करना शुरु कर दिया है। इसके पीछे समितियों का तर्क है कि मूर्तियों को रखने के बाद सजावट की जाएगी, इसलिए दो से तीन दिन पहले ही मूर्तियां लाई गई है।

### खबर संक्षेप

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार



**खैरागढ़।** शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी संतराम भारती 32 वर्ष निवासी मुहडबरी थाना छुईखदान जिला केसीजी द्वारा कलेक्टर ऑफिस में शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी की गई। आरोपी ने विभिन्न व्यक्तियों से कुल 13,50,000 रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस को सूचना प्राप्त होते ही थाना खैरागढ़ में धारा 318(4), 336(3), 338, 340(1), 340(2) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते आरोपी संतराम भारती को तत्काल गिरफ्तार किया तथा माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### रग्बी प्रतियोगिता आज

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा रग्बी कोच के समायोजन से राज्य स्तरीय ट्राई साइकिल दिव्यांगों की रग्बी प्रतियोगिता कल 24 अगस्त को सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर में भाग लेने खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। उक्त आयोजन स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से प्रतियोगी भाग लेंगे।

### मांय एंगल




### स्पीड पोस्ट से फार्स्ट डिलीवरी और ट्रैकिंग की जा सकेगी, चार्ज भी बढ़ेगा

## अगले माह से रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा के युग का अंत! स्पीड होगी पोस्ट, मिलेगा एयरलिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय डाक विभाग द्वारा रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को समाप्त कर इसे स्पीड पोस्ट सेवा में मर्ज कर दिया जाएगा। इसके बाद से रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा के एक युग का अंत हो जाएगा। आधुनिकता के दौर में आपाधापी भी बढ़ गई है। सब कुछ फास्ट हो गया है, ऐसे में डाक विभाग रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को बंद कर स्पीड पोस्ट की ट्रैकिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है। इससे आपकी डाक को एयरलिफ्ट मिलेगा। पहले रजिस्टर डाक सेवा को सड़क और रेल परिवहन के साथ ही भेजा जाता था, लेकिन अब इसमें हवाई सेवा भी जुड़ जाएगी।



1 सितंबर से अपनी पंजीकृत डाक सेवा भारतीय डाक विभाग बंद कर देगा। डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से रजिस्टर्ड डाक सेवा बंद की जा रही है। यह सेवा लगभग 50 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही थी। रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा में भेजी गई चिट्ठी सही व्यक्ति को मिलने की गारंटी होती थी, लेकिन अब आधुनिकता के साथ यह गारंटी खत्म हो जाएगी।

**कम हो रहा था इस्तेमाल**

बदलते दौर में रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा का इस्तेमाल काफी कम होने लगा था। निजी कूरियर सर्विस के आने से इस पर काफी असर हुआ था। मोबाइल फोन सेवाओं के शुरू होने से चिट्टियां तो जैसे बंद ही हो गई थी। ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर सेवा से मनीआर्डर का चलन भी खत्म हो गया था। जिसके चलते इस सेवा में बदलाव की आवश्यकता भी दिखाई दे रही थी। एक सितंबर से सेवा को बदल दिया जाएगा, सब कुछ फास्ट और आधुनिक हो जाएगा, लेकिन रजिस्ट्री का भरोसा दोबारा नहीं मिल पाएगा।

### कानूनी नोटिस में होगी दिक्कत

रजिस्ट्री पत्र भेजने के लिए पहले लगभग 20 से 25 रुपए का खर्च आता था, लेकिन अब स्पीड पोस्ट सेवा के साथ इसका खर्च 40 से 50 रुपए तक हो जाएगा। स्पीड पोस्ट से फार्स्ट डिलीवरी और ट्रैकिंग की जा सकेगी। प्रेषक यह पता कर पाएगा कि उसका डाक अभी कहां पहुंचा है, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं हो पाएगा कि जिसे डाक भेजा गया है, उसे ही पत्र मिला है। कानूनी मामलों में काफी दिक्कत भी आएगी, कानूनी नोटिस मिलने पर संबंधित व्यक्ति नोटिस प्राप्त नहीं होने का दावा भी कर सकता है।

### सस्ते के साथ थी गारंटी

मनीआर्डर, कानूनी दस्तावेज, गोपनीय पत्र और ऐसे कई अन्य कागजात जो भेजने वाला चाहता था कि यह किसी दूसरे व्यक्ति को ना मिले, इसके लिए रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा एक बेहतर माध्यम था। डाक की रजिस्ट्री करने पर यह उस व्यक्ति को ही मिलता था, जिसे पत्र भेजा जाता था। इसमें रिसीविंग भी होती थी, ताकि प्रेषक को भी या पता चल सके कि संबंधित व्यक्ति को पत्र मिल गया है, लेकिन अब यह गारंटी इस नई सेवा के साथ खत्म हो जाएगी। अब पत्र कोई भी ले सकेगा। जबकि पहले संबंधित व्यक्ति के न मिलने पर पत्र वापस हो जाया करती थी।

### रजिस्ट्री चिट्ठी के थे जलवे

70-80 के दशक में रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा के काफी जलवे थे। इसके लिए डाकघर में विशेष व्यवस्था थी, अलग काउंटर बनाए गए थे। रजिस्टर पोस्ट सेवा को काफी महत्व भी मिलता था। यह सेवा काफी सुरक्षित और सुनिश्चित होती थी। रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को भरोसेमंद माना जाता था। सरकार भी अपाइंटमेंट लेटर भेजने में इसका इस्तेमाल करती रही है। साथ ही अदालत भी कानूनी नोटिस इसके जरिये भेजा करती थी। पोस्टमैन रजिस्ट्री किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ में नहीं देता था, संबंधित व्यक्ति की अनुपस्थिति में उसकी तलाश की जाती थी, तभी पोस्ट डिलीवर होता था।

## पारंपरिक रूप से मना पोला पर्व, शहर में बैल दौड़ का दिखा रोमांच





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पोला पर्व पर हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर घर-घर में मिट्टी एवं लकड़ी के बने बैलों की पूजा-अर्चना कर पारंपरिक पकवान अर्पित कर मंगलकामना की गई। शहर में शाम के समय बैल दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

किसानों के प्रमुख पर्वों में पोला पर्व पर अंचल में खुशियां बिखरी रही। इस अवसर पर जहां किसानों ने बैलों को विशेष रूप से सजाया। वहीं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा घर-घर में मिट्टी के बने बैल एवं अन्य खिलौनों की पूजा-अर्चना कर पर्व पर बने व्यंजनों को अर्पित किया गया। मिट्टी के बैल एवं खिलौनों को पूजा के बाद खेलने के लिए दिया गया।

**मेला का माहौल:** पर्व पर गांव-गांव में विविध पारंपरिक आयोजन किए गए ग्रामीण इलाकों के अलावा शहर के गंज चौक, चिखली में बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्रामीण अपने-अपने बैलों को लेकर स्पर्धा में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम स्थल के पास खिलौने, बच्चों के झूले सहित विविध दुकानें सजी हुई थी। जिससे मेला सा माहौल निर्मित था। देर शाम तक बैल दौड़ स्पर्धा का लोग लुत्फ उठाते रहे। देर शाम प्रतियोगिता में अव्वल रहे। बैल एवं उनके मालिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## मुंडन कराकर एनएचएम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने अपने हड़ताल के आज छठवें दिन मुंडन कार्यक्रम का आयोजन किया और धरनास्थल पर अपना मुंडन कराकर प्रदेश सरकार का अपनी मांगे पूरी करने ध्यान आकृष्ट कराया।

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान धरना प्रदर्शन स्थल पर ही प्रतिदिन अलग-अलग तरीके से आयोजन करके अपनी मांगों को उठाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज एनएचएम कर्मचारियों द्वारा मुंडन प्रदर्शन का आयोजन किया गया था।



**त्यौहार के दिन भी कर रहे प्रदर्शन :** प्रदेश सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। आज मांगे पूरी करने के लिए धरना प्रदर्शन स्थल पर एनएचएम कर्मचारियों ने अपना मुंडन कराया। मुंडन करवाने वाले एनएचएम कर्मचारी किशोर कुमार साहू ने कहा कि हम अपना त्यौहार नहीं मनाकर लगातार धरना प्रदर्शन स्थल पर डटे हुए हैं। मुंडन के माध्यम से सरकार को जल्द मांगे पूरी करने संदेश दिया जा रहा है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं पर पड़ रहा असर

मेडिकल अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति निर्धारण, ग्रेड-पे सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारी धरना स्थल पर डटे हुए हैं और अपनी मांगे पूरी नहीं होने तक उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का आह्वान किया है। जिसके चलते ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही है।

## दो सटोरिये गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टी-पट्टी लिखने के मामले में दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना प्रप्त हुआ कि आरोपी विरेन्द्र निषाद 26 साल साकिन दंतेश्वरीपारा द्वारा पुराना नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ के पास अवैध रूप धन अर्जित करने के लिए दांव लगाकर सट्टा-जुआ खेल रहा था, जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 9 नग कागज का पन्ना जिसमें अंकों के आगे नंबर लिखा हुआ, एक नग डाट पेन, कुल नगदी रकम 760 रुपए आरोपी के कब्जे से जब्त कर कार्रवाई की गई। इसी तरह आरोपी मुस्ताख 40 साल साकिन रजा नगर द्वारा सब्जी मंडी ओवरब्रिज के नीचे अवैध रूप धन अर्जित करने के लिए दांव लगाकर सट्टा-जुआ खेल रहा था, जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 2 नग कागज का पन्ना जिसमें अंकों के आगे रुपए लिखा हुआ। एक नग डाट पेन, कुल नगदी रकम 660 रुपए आरोपी के कब्जे से जब्त कर कार्रवाई की गई।



संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**साल्हेवारा।** चतरेला जंगल बंजारी मंदिर के आगे रोड किनारे एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा हुआ मिला। इसकी सूचना राजू राम वर्मा निवासी देवपुराधाट थाना साल्हेवारा ने डायल 112 को दी। सूचना पर हमराह स्टाफ घटना स्थल पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति रोड किनारे पडा मिला। चेक करने पर मृत निकला। अज्ञात मूतक पुरूष उम्र करीबन 45-50 वर्ष का आसपास पूछताछ कर पता तलाश करने पर पता नहीं चला। मृतक का हुलिया उंचाई 5 फिट 2 इंच, रंग काला, बाल काला चेहरा चपटा हुआ, दाढी मूंछ अधपका, नीले रंग का अंडरवियर जिस पर अंग्रेजी में आरकेजी लिखा हुआ, गुलाबी रंग का गमछा शेष बदन पर कोई कपडा नहीं है। थाना साल्हेवारा में धारा 194 बीएनएसएस मर्ग कायम कर जांच पंचनामा में लिया गया है।

### देशभक्ति गीत स्पर्धा में कन्या शाला तृतीय



**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत महोत्सव पर खैरागढ़ में जिला स्तरीय देश भक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में कन्या शाला छुईखदान की छात्रा दामिनी वर्मा, खिलेश्वरी वर्मा, जानकी मेश्राम एवं कुमकुम बघेल ने व्याख्याता शीतल श्रीवास्तव के मार्गगदर्शन में हिस्सा लेकर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अनिल पाल एवं शिक्षकों ने उन्हे बधाई दी है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री लाल जी द्विवेदी एवं श्रीश पांडे सहायक संचालक उपस्थित थे।

### पोला पर्व पर चोरड़ाधाम में अनुष्ठान



**सड़क अतरिया।** चोरडाधाम में प्राचीन परंपरानुसार हरेली अमावस्या से पोला तक त्यौहार मनाया गया। शनिवार को पोला पर्व पर शिव जी की पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान किया गया। इस दौरान भजन, कीर्तन एवं पूजा अर्चना किया गया जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूजा अर्चना में समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### बुंदेली में बनेगा महतारी सदन, मिली स्वीकृति



**सड़क अतरिया।** सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा से ग्राम पंचायत बुंदेली में महतारी सदन निर्माण के लिए 30 लाख की स्वीकृति मिली है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने बताया कि बुंदेली में महतारी सदन का निर्माण होगा जो महिलाओं के विकास में कारगार साबित होगा। ग्राम पंचायत बुंदेली को यह सौगात देने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, ललित चोपडा का सरपंच दिवाकर सोनी, बलदाऊ सोनी, अशोक पाल, बहलसिंह तोमर, उत्तम बोहरा, सुखराम ठाकुर, बंशी पारख, मुरत जंघेल, अनिता पाल, मधु पाल, संगीतासिंह, संतोषी, मालती, गुलापा, भागबती, ईश्वर, चंदा, मुकेश, भानु, सोमनाथ, दीक्षित, धीरराज, अजय, ललिता, उदासा, टिकेश्वरी चंदेल सहित ग्रामीणों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### रामकुमार पुनः बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा करते हुए छुईखदान ब्लाक में पूर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल को पुनः जिम्मेदारी सौंपा है। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटेल को तिलक लगाकर बधाई दी। इस मौके पर प्रवक्ता अशोक जंघेल ने कहा कि श्री पटेल को ब्लाक अध्यक्ष बनने का फायदा पार्टी और सदस्यों को मिलेगा। पूर्व में वह अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को बखूबी संभाल चुके है जिसका लाभ विभिन्न चुनाव में देखा गया। श्री पटेल को विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा, जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, मोतीलाल जंघेल, विजय वर्मा, निर्मला वर्मा, अशोक जंघेल, कविता जंघेल, बलदाऊ जंघेल, रोहित पुलस्त्य, कैलाश वर्मा, लिखन जंघेल, किशुन मिर्चे, संतोष यदु, रूपेन्द्र वैष्णव, हिरामन जंघेल आदि ने बधाई दी है।

### कृष्ण की निकली शोभायात्रा



**चिचोला।** नारायणगढ़ में दही लूट का आयोजन ग्रामवासी एवं समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकालकर गली भ्रमण किया। इस दौरान गोविंदा टोली ने जगह जगह दही लूटा।

## गाढ़ाघाट स्कूल में नहीं है स्वीपर

# सिस्टम की नाकामी, बच्चे कर रहे शौचालय साफ

## शिक्षा विभाग की खामियाजा भुगत रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लगभग डेढ़ सौ बच्चों की दर्ज संख्या वाले ब्लाक के गाड़ाघाट हाई स्कूल मे पढ़ने वाले बच्चे खुद शौचालय का उपयोग करने के बाद खुद साफ कर रहे है और साथ ही साथ गुरूजनों के लिए बने शौचालय में भी पानी डालने का काम कर रहे है। किशोरावस्था के इस पड़ाव मे जहॉ बच्चों को पूरा ध्यान ज्ञानार्जन मे करना चाहिए वहां शिक्षा विभाग के सिस्टम की खामी देखिए कि स्कूल मे भृत्य तक नही है।

स्वीपर का अता पता नही है और शौचालय की बदबू से निजात पाने प्रभारी प्राचार्य मानसदास साहू ने बच्चों को ही शौचालय साफ करने के काम मे लगा दिया है। पता चला है कि बीते पखवाड़े भर से यही सब हो रहा था।

क्लास वाइज बच्चे बालक बालिका वाले शौचालय में पानी डालते और झाड़ू लेकर पानी निकालते। उसके बाद ही स्टाफ और प्रभारी प्राचार्य अपने कमरे में प्रवेश करते कारण सिर्फ यही कि कंपोजिट बिल्डिंग होने के कारण बिल्डिंग के अंदर ही बालक बालिका और स्टाफ के उपयोग के लिए शौचालय बना है।




### स्वीपर तैनात किया गया

बाह्य व्यवस्था के तहत स्वीपर तैनात कर दिया गया है। प्रभारी प्राचार्य मानसदास साहू को हटाकर वरिष्ठ को जिम्मेदारी लेने कहा गया है। - **लालजी द्विवेदी,** डीईओ

### बच्चों ने कहा प्रभारी प्राचार्य का है आदेश

स्कूली बच्चों द्वारा शौचालय साफ करने के मामले की पड़ताल दौरान बच्चों ने स्वीकार किया कि बीते पंद्रह दिनों से प्रभारी प्राचार्य मानसदास साहू के कहने पर वो पारी-पारी से शौचालय साफ कर रहे है। मौजूद स्टाफ ने तर्क दिया कि दो साल पहले हाई से हायर सेकंडरी शाला के रूप में उन्नयन साथ ही स्कूल को शिक्षा विभाग से हटाकर ट्राइबल मे मर्ज कर दिया गया है जिसके चलते महज छै शिक्षकों के उपर शैक्षणिक कार्य के अलावा सारा बोझ है हालांकि शौचालय साफ करने के सावल को उन्होंने टालने का प्रयास किया, लेकिन दबी जुबान से स्वीकार किया कि बच्चे ही अपना और स्टाफ का शौचालय साफ करते आ रहे है। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य मानसदास साहू ने पहले कहा कि वो बीएलओ प्रशिक्षण के लिए खैरागढ़ आए है और कुछ देर बाद कहा कि पांडादाह स्कूल में काम होने के कारण वो वहॉ आ गए है।

# रेंगकथेरा में डायरिया, जिपं अध्यक्ष ने लिया जायजा



**मोहला।** एमएमसी जिले के ग्राम रेंगकथेरा में बीते तीन दिनों से डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने तुरंत संज्ञान लिया और आज मोहला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक कुल 13 मरीजों को भर्ती किया गया है, मरीजों का उपचार मोहला स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। श्रीमती सिंह ने अस्पताल में मौजूद सभी मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल लिया।

### अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश

प्रभावित गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर तुरंत इलाज उपलब्ध कराना, ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने एवं नालियों की सफाई कराने हेतु पंचायत व जनपद स्तर पर त्वरित कार्रवाई। डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को लगातार गांव में दौरा कर निगरानी करने और नए मरीजों की पहचान कर तत्काल उपचार के निर्देश दिए।

उन्होंने मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए परिवारजनों को आश्वस्त किया कि प्रशासन हर संभव सहायता के लिए तैयार है और किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### स्वास्थ्य सुरक्षा पहली प्राथमिकता

जनता का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेंगाकथेरा ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों में भी स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी ग्रामीण को समय पर उपचार और चिकित्सा सुविधा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकाय मिलकर इस परिस्थिति पर शीघ्र नियंत्रण करेंगे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सकगण, अनिल गुप्ता भाजपा जिला महामंत्री, राजीव तिवारी जिला भाजपा मंत्री, अमित श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष मोहला एवं स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# छुट्टी के दिन खुला मिला कृषि विभाग का दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

सरकारी कार्यालय अवकाश के दिनों में बंद रहते हैं, किन्तु कृषि विभाग छुईखदान के कार्यालय को छुट्टी के दिन खुला देखा गया जिससे संदेह की स्थिति पैदा हो गई है। शनिवार को पोला होने के कारण सभी सरकारी कार्यालयों में अवकाश था। इस दिन कृषि विभाग छुईखदान का कार्यालय खुला पाया गया जिससे सवाल खड़ा हो गया कि आख़िर छुट्टी के दिन कार्यालय क्यों खोला गया?



### बगैर लाईसेंस के सप्लाई क्यों?

दुकानों के अवैध रूप से संचालित होने की शिकायत के बीच सवाल यह है कि किस दुकान से इन दुकानदारों को खाद, बीज, कीटनाशक की सप्लाई किया जा रहा है जिन पर भी कार्रवाई होना चाहिए।

### दफ्तर खुलने पर संदेह

स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्यालय को किसी कारण से खोला गया था, तो इसकी सार्वजनिक जानकारी किया जाना था। चुपचाप कार्यालय खोलना संदेहास्पद है। ज्ञात हो कि विकासखंड छुईखदान अंतर्गत अवैध तरीके से दुकानें संचालित की जा रही है लेकिन कृषि विभाग कार्यवाहीं नहीं कर रहा है जिससे जनमानस में नाराजगी देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की दुकानों में अवैधानिक तरीके से खाद, बीज, कीटनाशक बिना लायसेंस के बेचा जा रहा है।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान नए ब्लॉक अध्यक्ष के लिए हलचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

आगामी चुनावों के मद्देनजर, कांग्रेस पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत ज़ोर-शोर से तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में गंडई के राजमहल पंडरिया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता एकजुट हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को निचले स्तर तक और अधिक सशक्त बनाना था, खासकर नए ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा करना।

बैठक में प्रदेश प्रवक्ता और पर्यवेक्षक रूपेश दुबे मौजूद थे। इस दौरान, कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। सबसे प्रमुख विषय गंडई ब्लॉक के लिए नए अध्यक्ष का चयन था। वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष, भिज्ञेश यादव ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें पिछले 11 महीनों से यह जिम्मेदारी मिली हुई है और वे एक बार फिर से इस पद पर रहकर काम करना चाहेंगे। उनके अलावा कुछ और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भी ब्लॉक अध्यक्ष बनने की इच्छा व्यक्त की।



### पर्यवेक्षक ने किया प्रतिवेदन तैयार

पर्यवेक्षक रूपेश दुबे ने सभी दावेदारों की राय और उनके काम का लेखा-जोखा लेते हुए एक प्रतिवेदन तैयार किया। यह प्रतिवेदन अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा, जहां से अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि किसे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। इस बीच, सोशल मीडिया पर भिज्ञेश यादव को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बैठक में जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, अयूब कुरैशी, मिहिर झा, मन्नू चंदेल, संजु चंदेल, दिलीप ओगरे, चेतन देवांगन, सूरज नामदेव, रणजीत चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल, अमित टंडन, लियाकत अली, ताराचंद साहू, राजेश पाल, दिलीप नागवंशी सहित कई अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम श्री विद्यालय में इंटर्नशिप का आयोजन

**गंडई पंडरिया।** पीएम श्री स्व लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिन्दी माध्यम विद्यालय गंडई में 19 से 23 अगस्त तक तकनीकी इंटर्नशिप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर द्वारा आयोजित किया गया, जिसका मुख्य फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर था। छात्रों ने इस इंटर्नशिप को प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने प्रशिक्षण के आधार पर पोस्टर और असाइनमेंट तैयार किया। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।




### मिला प्रायोगिक अनुभव

विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने बताया कि इस प्रशिक्षण में अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के 50 विद्यार्थी शामिल हुए। छात्रों ने सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा कोडिंग के माध्यम से प्रायोगिक अनुभव हासिल किया। इस प्रशिक्षण से छात्रों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि हुई है और उन्होंने डिजिटल तकनीक व करियर के अवसरों को लेकर अपनी समझ को मजबूत किया है। आयोजन में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. पूनम सिंह, डॉ. प्रतिमा गर्ग के अलावा इंटर्नशिप प्रोग्राम प्रभारी योगेश्वरी तारम, समन्वयक जसबीर सिंह ने मार्गदर्शन दिया।

# गंडई महाविद्यालय में कैंटीन का शुभारंभ, छात्रों को मिली सुविधा



- छात्र-छात्राओं के हित में होंगे कई कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई के छात्रों को कैंटीन के रूप में एक नई सौगात मिली।जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष यतीश कुंजाम ने कॉलेज परिसर में नई कैंटीन का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस कैंटीन को छात्रों की सुविधा के लिए समर्पित किया गया।

उद्घाटन के अवसर पर यतीश कुंजाम ने महाविद्यालय परिवार को भरोसा दिलाया कि भविष्य में जनभागीदारी मद से छात्रों के लिए कैंटीन के बाहर शेड एवम फ्लोरिंग निर्माण कार्य भी जल्द ही शुरू किया जाएगा, ताकि कैंटीन के बाहर खुले में भी बैठकर छात्र-छात्राएं नाश्ता या अपने साथ लाये टिफन का लुत्फ उठा सकें।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज की मूलभूत जरूरतों और छात्रों की सुविधाओं को पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हित का ध्यान रखते हुए समय-समय पर जरूरी निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एनएस वर्मा और सेवानिवृत्त लैब तकनीशियन डीएल साव भी उपस्थित रहे। जनभागीदारी समिति के सदस्य जीवन दास रात्रे, विनोद नामदेव और संजय बांगड़े ने महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए बेहतर सोच के साथ महाविद्यालय के विकास में अग्रणी प्राध्यापक डॉक्टर डीपी कुर्रे की प्रशंशा करते हुए अपना विचार रखे साथ ही कैंटीन संचालक समिति से अपील की, कि वे उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएं और छात्रों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। इस कैंटीन के संचालन की जिम्मेदारी कॉलेज के पूर्व एनएसएस छात्रों जिसमें रामावतार, मोहनीश, खिलेश और टिकेश्वर को सौंपी गई है, जिन्होंने इसे पूरी निष्ठा से चलाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम का संचालन गवास्कर कौशिक ने किया, जबकि अंत में आभार व्यक्त गौरव जैन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## समाधान को लेकर अधिकारियों को किया निर्देशित

# विक्रांत ने सुनी आमजनों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत कार्यालय में उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उसके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ आए जनप्रतिनिधियों ने विकास से जुड़ी अपनी-अपनी मांगें रखीं।

ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा की सरपंच ने पंचायत भवन को पूरी तरह जर्जर और खस्ताहाल बताते हुए नए भवन निर्माण की मांग की और विक्रांत सिंह को ग्राम भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। ग्राम पंचायत एटिकसा, भूलाटोला के सरपंच ने भी अपने गांव की समस्याओं को विस्तार से बताया। ग्राम पंचायत बाजार अतरिया सरपंच ने पंचायत में सीसी रोड निर्माण और आगामी समय में महतारी सदन निर्माण कराने की मांग की।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि लगातार ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने का उद्देश्य यही है कि समस्याओं की जानकारी सीधे स्रोत से मिल सके और उन्हें शीघ्र हल कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर हर समस्या का समाधान ही असली विकास है और जिला पंचायत इसके लिए प्रतिबद्ध है।




### महिलाएं हुई लाभान्वित

मुलाकात दौरान छुईखदान क्षेत्र से आई महिलाओं ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष को बताया कि शासन की महतारी वंदन योजना से उन्हें बड़ा सहारा मिला है। इस योजना के तहत उन्हें हर माह सीधे एक हजार रुपये उनके बैंक खाते में मिल रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं ने कहा कि इस राशि से घरेलू खर्च और छोटे-मोटे कार्यों में सहूलियत मिली है।

### विकास कार्यों में नहीं होगी कमी

ग्रामीणों की मांग और अपेक्षाओं को गंभीरता से सुनते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत भवन, सड़क निर्माण, महतारी सदन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका विकास की रीढ़ है और उनकी मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### सीमांत को मिला पहला स्थान



**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ स्थापना रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला प्रशासन जिला खैरागढ़ छुईखदान के निर्देशानुसार जिला स्तरीय देश भक्ति गीत, प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस-2 कन्या शाला में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के दोनों ब्लॉक खैरागढ़ और छुईखदान से एकल और समूह में कुल 11 प्रस्तुतियां विद्यार्थियों द्वारा पूरे उत्साह के साथ दी गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ प्रथम स्थान सीमांत कश्यप सेजेस-2 कन्या खैरागढ़, द्वितीय अंजू बर्मन एवं साथी सेजेस-2 कन्या खैरागढ़ और तृतीय स्थान जानकी मेश्राम शासकीय कन्या उमा शाला छुईखदान ने प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मोमेंटो सहित समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमनराज, डिप्टी कलेक्टर रेणुका, एसडीएम टन्केश्वर प्रसाद साहू, डीईओ लालजी द्विवेदी,समग्र शिक्षा से श्री श्रीश कुमार पाण्डेय, आत्माराम साहू, दीपिका चंद्रवंशी, मोरध्वज देवांगन, तेजस्विनी निषाद सेजेस प्राचार्य हीरांतक द्विवेदी, कुणाल टंडन, शीतल श्रीवास्तव, भूमिका सिंह सहित निर्णायक के रूप में प्रधान पाठक कृष्ण चंद्र केहरी, मनोज पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्था जिला नोडल अधिकारी डॉ विभाष कुमार पाठक के द्वारा किया गया। सेजेस-2 कन्या शाला स्टाफ का समूचे आयोजन मे विशेष सहयोग रहा।

खबर संक्षेप

## बैल दौड़ में चंद्रकांत रहा विजेता



**टाटेकसा।** पोला पर्व पर वनांचल क्षेत्र ग्राम टाटेकसा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी बैल दौड़ का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर तिलक लगाकर पूजा-अर्चना किया गया। इसके तत्पश्चात बैल दौड़ाया गया। जिसमें पहला चंद्रकांत चंद्रवंशी, दूसरा घुरऊराम, तीसरा योगेन्द्र कुमार, चौथा शिशुपाल रहा। ईनाम में क्रमशः 1501, 701, 501, 151 रखा गया था एवं सभी बैल दौड़ के प्रतिभागी को तिलक लगाकर व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच सुखचंद चंद्रवंशी, ग्राम पटेल नारायण साहू, सुरेश माली, प्रताप चंद्रवंशी, दुर्गेश नंदेश्वर, खोरबहारा कुंजाम, जनाराम काटेंगी, गोपीराम, बिष्णुराम, अम्बे निषाद, तरूण लाडेकर, दशाराम गावड़े, छेरका चन्द्रवंशी, पीलेश साहू, यादवराम साहू, तेजराम चंद्रवंशी, परशुराम यादव, परशु साहू एवं आसपास के ग्रामीण शामिल रहे।

### डोंगरगांव विकासखंड के सात जोन के स्कूली बच्चे हुए शामिल

# सायबर फ्राड, नशामुक्ति पर स्कूली बच्चों को पुलिस ने किया जागरूक

**राजनांदगांव।** सायबर जागरूकता एवं नशामुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें डोंगरगढ़ विकासखंड के 7 जोन के स्कूली बच्चे एवं शिक्षक शामिल हुए।

जिला में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं को यातायात, सायबर फ्राड एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए यातायात, सायबर जागरूकता एवं नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।



#### 7 जोन के स्कूली बच्चों ने लिया भाग

इसी क्रम में 20 अगस्त को ग्राम सेंदरी के शा.उ.मा. विद्यालय में यातायात, सायबर जागरूकता एवं नशामुक्ति अभियान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विकासखंड के 7 जोन के स्कूली बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित हुए। साथ ही जनप्रतिनिधि प्रशांत कोड़ापे जिला पंचायत राजनांदगांव सभापति एवं किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

#### अभिव्यक्ति एप की दी जानकारी

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं आम लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और सायबर अपराधों से सुरक्षित रहने एवं नशा से दूर रहने जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक नरेश बंजारे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, बालक-बालिकाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाए गए "अभिव्यक्ति" ऐप, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध, सायबर सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दिया गया। नशामुक्ति अभियान के तहत जानकारी दी गई। नारकोटिक्स, ड्रग्स, अवैध नशा से परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराकर अपने आसपास एवं स्वयं को भी नशीले पदार्थों से दूर रखने तथा अपने घर-परिवार व समाज में भी नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि भी सायबर फ्राड के संबंध एवं नशामुक्ति को लेकर अपने-अपने अभिव्यक्ति बच्चों के बीच रखी गई।

## पर्यटन मंडल अध्यक्ष ने पर्यटन संभावनाओं पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा ने 40वें इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) वार्षिक अधिवेशन में छत्तीसगढ़ की पर्यटन संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।



इस अवसर पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा, पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं देश-विदेश के पर्यटन उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास हेतु उठाए जा रहे नवीन कदमों और राज्य की विशिष्टताओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अब एमआईसीई पर्यटन (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन) के लिए भी तैयार है तथा राज्य बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है।

श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में आईएटीओ आयोजक टीम को छत्तीसगढ़ में अगला अधिवेशन आयोजित करने की दिशा में योजना बनाने आमंत्रित किया गया है। साथ ही अधिवेशन में उपस्थित सभी ट्रैवल ऑपरेटरों को भी छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया गया। शर्मा ने पर्यटन निवेश और उद्योग सहयोग को आमंत्रित करते कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक अधोसंरचना का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है।

## पांच दिवसीय तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित

**जालबांधा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय जालबांधा में पांच दिवसीय तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुनेश्वर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य की उन्नत तकनीक से परिचित कराना तथा उनके भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण व तकनीकी सोच का विकास करना है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से रक्षित सिसोदिया एवं योगाराज वर्मा उपस्थित थे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ड्रोन टेक्नोलॉजी व एरोप्लेन किस सिद्धांत पर कार्य करता है इस विषय को बच्चों के समक्ष सरलतम रूप से प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण में प्रभारी प्राचार्य केडी वर्मा, सुरेखा साहू एवं संस्था के सभी स्टाफ उपस्थित थे।



## छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल में एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्कूल के नव-नियुक्त विद्यार्थियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, टीम भावना, निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। इस दौरान विद्यार्थियों को पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। जिससे उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह होने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने प्रेरित किया जा सके। समारोह में स्कूल की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बोर्ड मेंबर्स सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, बरसर आईके वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा सहित शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

#### दी बधाई

मुख्य अतिथि अतुल विश्वकर्मा ने तीनों बोर्डों सीबीएसई, आईसीएसई और सीजी बोर्ड के हेड बॉय और हेड गर्ल को शपथ दिलाई। इनमें सीबीएसई बोर्ड के राजहर्ष बाफना हेड बॉय और शैली अग्रहरि हेड गर्ल, आईसीएसई बोर्ड के शौर्यन प्रताप सिंह हेड बॉय और वैभवी खंडेलवाल हेड गर्ल तथा सीजी बोर्ड के महेश्वर चंद्रवंशी हेड बॉय और अंतरा गोसाईं हेड गर्ल शामिल थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न हाउस कैप्टन्स को भी शपथ दिलाई। जिसमें आजाद हाउस में अल्तमस कुरैशी और कनिष्ठ भराडे, भगत हाउस में गर्व सवाना और वोनिसा साहू, जवाहर हाउस में आरिफ कुरैशी और प्रार्थना साहू एवं सुभाष हाउस में तरूण चौबे और सिद्धि ठाकुर शामिल हैं। इस अवसर पर आयुक्त ने कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-II बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल की टीम को बधाई दी। उन्होंने स्कूल परिवार को शहर का एनईपी मॉडल लीडर स्कूल बनने पर भी शुभकामनाएं दी।

## महिला सफाई कर्मियों व स्वच्छता दीदीयों को साड़ी वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदीयों को समय-समय पर वर्दी, साड़ी, रैनकोट के अलावा अन्य सुरक्षागत सामग्री का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में आज तीजा त्यौहार के पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम के महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयो को साड़ी का वितरण किया।



महापौर श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार तीजा के पूर्व आज महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयों को साड़ी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मी नगर निगम की प्रमुख कड़ी है। इनके कारण ही हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ रहता है और हम स्वच्छ वातारण में निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत से ही इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में गत वर्ष प्राप्त 79 से 65 छलांग मार इस वर्ष 14वां स्थान प्राप्त किया। आप इसी प्रकार मेहनत करें। जिससे आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान मिल सके। उन्होंने महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयों को तीज पर्व की बधाई दी। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सफाई मित्रो एवं स्वच्छता दीदीयों के सफाई कार्य को देखते इनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इन्हें साड़ी, वर्दी, रैनकोट, बूट तथा अन्य सुरक्षा सामग्री का वितरण नगर निगम द्वारा समय-समय पर किया जाता है, ताकि ये अपने दायित्वों का बिना कोई परेशानी के कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सके। अध्यक्ष वर्मा तथा नेता प्रतिपक्ष पिल्ले ने भी साड़ी वितरण अवसर पर कहा कि सफाईकर्मी अपने दायित्वों का अच्छे से निर्वहन कर शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने और अच्छे से अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने तीजा पर्व की महिला कर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी सहित महिला सफाई कर्मी व स्वच्छता दीदी उपस्थित थी।

## रेलवे सैलरी पैकेज पर सेमिनार आयोजित

**राजनांदगांव।** रेलवे इंस्टिट्यूट डोंगरगढ़ में कार्मिक विभाग नागपुर एवं भारतीय स्टेट बैंक डोंगरगढ़ के तत्वावधान में रेलवे सैलरी पैकेज विषय पर एक वृहद सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में भिलाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर शरद बैस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डोंगरगढ़ के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रीजनल ऑफिस भिलाई से केशव आनंद शामिल हुए।



सेमिनार में डोंगरगढ़ के सभी विभाग यथा इंजीनियरिंग ऑपरेटिंग कमर्शियल एस एंड टी इलेक्ट्रिक जनरल ओएचई आरआरडी मेडिकल विभागों के सभी प्रभारी एवं कर्मचारी जो लगभग 100 की संख्या में थे, शामिल हुए। स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी कर्मचारियों को रेलवे सैलरी पैकेज के बारे में मेडिकल तथा अन्य पारिवारिक सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। सेमिनार को रेलवे सुरक्षा बल डोंगरगढ़ के इंस्पेक्टर प्रशांत अडलक तथा कर्मचारी कांग्रेस के सचिव अनिल पोद्दार ने भी संबोधित किया। सेमिनार में विशेष बातें रही कि बड़ी संख्या ने महिला कर्मचारियों ने भी भाग लिया और अपनी समस्या का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र कुमार साखरे मुख्य कल्याण निरीक्षक डोंगरगढ़ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने रेलवे इंस्टिट्यूट के सचिव एस. वेंकट स्वामी तथा कार्यालय अधीक्षक बीएच वेंकट सत्यनारायण का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 3 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 3 सितम्बर दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### बरसते पानी में बड़ी संख्या में पहुंचे शहरी सहित ग्रामीण

# मेयर को बधाई देने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त को राजनांदगांव शहर सहित पूरे जिले में काफी जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। राजनांदगांव शहर के साथ ही जिले के डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया विकासखंड में भी महापौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले बैनर-पोस्टर से पटा नजर आया।



पूर्व सांसद की लोकप्रियता के चलते उनके समर्थक एवं प्रशंसकों ने 22 अगस्त की सुबह से ही उनके घर पहुंचकर अपने लोकप्रिय जननायक को एक दिन पहले जन्मदिन की अग्रिम शुभकामनाएं देना एवं केक काटना प्रारंभ कर दिया था, जो सिलसिला 22 के बाद 23 अगस्त की देर शाम यह समाचार लिखे जाने तक चलता रहा। जिसमें महापौर को बधाई देने राजनांदगांव जिला के अलावा दुर्ग, रायपुर, कबीरधाम, केसीजी, एमएमसी, बिलासपुर, बालोद, बेमेतरा, आदि विभिन्न शहरों से आगंतुक पहुंचते रहे और जनमदिन का जश्न मनाते रहे। जिसके चलते संस्कारधानी नगरी में दिनभर मधु महोत्सव की धूम मची रही।

23 अगस्त की प्रातःकाल से ही शहर की जनता सहित विभिन्न समाज एवं संस्था के प्रतिनिधि मंडल, महापौर के समर्थक, परिजन, इष्टमित्रों उनके निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते रहे। अपने जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता मधुसूदन ने सर्वप्रथम मोतीपुर शीतलापारा मंदिर में माता आशीर्वाद लिया । तत्पश्चात आजाद चौक मोतीपुर स्थित शासकीय भवन में जिला आयुष विभाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और मोतीपुर, रामनगर, नवागांव क्षेत्र की जनता को इस तरह के आयोजनों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की।

इस अवसर पर महापौर ने पौधारोपण भी किया। इसके पश्चात महापौर मधुसूदन ने बजरंगपुर नवागांव स्थित बापूटोला वार्ड नं. 01 में सपरिवार महाकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। पश्चात सोनारपारा, दिग्विजय कॉलेज रोड स्थित माता देवाला मंदिर पहुंचकर सहपरिवार नगर की ग्राम देवी शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में महापौर ने स्थानीय वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों के साथ जन्मदिन मनाया। वहीं दूसरी ओर अभिलाषा संस्थान में पहुंचकर दिव्यांगजनों के साथ भी जन्मदिन की खुशियां बांटी। अपने जन्मदिन पर प्रशंसकों एवं समर्थकों से मिलने के लिए महापौर ने अपने सिविल लाइन स्थित कार्यालय में दोपहर 1 बजे से देर शाम तक उपस्थित रहकर 5 घंटों से भी अधिक समय तक लगातार जनता की शुभकामनाएं, स्नेह एवं आशीर्वाद स्वीकारते रहे। उन्होंने कार्यालय में छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।



## सार समाचार

### अछोली में 31 को आध्यात्मिक दिव्य सत्संग

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम अछोली के मां कर्मा सामाजिक तहसील साहू संघ भवन में आगामी 31 अगस्त को दोपहर 01 बजे चातुर्मास पर्व अंतर्गत आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन-कीर्तन होगा। इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ सारगर्भित दिव्य सत्संग श्रवण पान कराएंगे। यह आयोजन प्रतिवर्ष तहसील साहू संघ और ग्रामीण साहू समाज अछोली के संयुक्त तत्वावधान में किया जाता है। इस अवसर पर जिला राजनांदगांव क्षेत्र से कबीर पंथ के प्रमुख संत महापुरुषों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आमीन माता महिला भजन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।



आयोजन समिति के अध्यक्ष हंसराज साहू और हेमंत साहू ने तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के श्रद्धालुओं को उपस्थित होकर दर्शन श्रवण लाभ हेतु निवेदन किया है। आयोजक समिति में विशेष सहयोगी अछोली सरपंच नंदकुमार साहू, कचरू हिरवानी, योधन दास साहू, मंथीर दास साहू, कुलदीप साहू, धर्मदास साहू, भारत साहू, सुजाता साहू, प्रमिला साहू, घनश्याम दास साहू, मदनमोहन साहू जैसे अनेक पदाधिकारियों की विशेष सहयोग रहेगा। यह जानकारी तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के सलाहकार योगदास साहू ने दी है।

### आज विशाल रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा कल 24 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। 25 अगस्त को संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी का 18वीं पुण्य स्मृति दिवस है। इस दिन को ब्रह्मकुमारीज द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। 22 से 25 अगस्त तक भारत तथा नेपाल में स्थित समस्त ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्रों पर यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इन चार दिनों में लगभग एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी के तहत ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के नए भवन ज्ञान मानसरोवर में भी 24 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह शिविर सुबह 9 से 4 बजे तक होगा। शिविर के सफलता के लिए महापौर, एसपी तथा विभिन्न गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दी।

### पदुमतरा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती आयोजित

**राजनांदगांव।** कलस्टर पदुमतरा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती कार्यक्रम हुआ। जिसमें बिहान समूह की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ व्यंजनों एवं छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का प्रतियोगिता हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, उपाध्यक्ष अनिता डिगेंद्र, जिला पंचायत सभापति शीला टाकेश, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, जनपद सभापति बिहान खुशबू राकेश साहू, जनपद सदस्य क्षेत्र के ललिता मोहन साहू, बासुला सरपंच मालिकाम, पश्चिम मंडल उपाध्यक्ष पप्पू चंद्राकर, सोशल मीडिया प्रभारी राकेश साहू समेत अन्य लोग शामिल थे।



## गौ सेवकों ने सौंपा ज्ञापन, एफआईआर की मांग

# मृत बैल को ट्रैक्टर से बांधकर खींचा, कर्मचारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पोला पर्व के अवसर पर बैल का काफी महत्व है। एक तरफ आज जहां बैल दौड़ का आयोजन हो रहा था। वहीं दूसरी तरफ शहर के वार्ड नंबर 38 में एक मृत बैल को ट्रैक्टर से बांधकर खींचा जाता रहा। शहर के ब्राह्मणपारा वार्ड में एक मृत बैल को निगम के कर्मचारियों द्वारा ट्रैक्टर से बांधकर घसीटने का मामला सामने आया है।

निगम कर्मचारियों की संवेदनहीनता को लेकर गौसेवकों और कांग्रेस पार्षदों ने कोतवाली थाना में मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने आवेदन प्रस्तुत किया है। मृत बैल को उठाने नगर निगम कर्मचारियों की संवेदनहीनता दिखाई दी। कर्मचारियों ने ट्रैक्टर की ट्राली से मृत बैल के पैर बांधे और बैल को घसीटकर कुछ दूरी तक ले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद सतीश मसीह, गौसेवक एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, पूर्व पार्षद अमीन हुद्दा ने कोतवाली थाना में एक आवेदन देकर इस मामले में आपत्ति जताई है। वहीं मृत बैल को ट्रैक्टर से बांधकर खींचने को लेकर दोषियों के विरुद्ध जांच व कार्रवाई कर अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है।



### गौसेवकों की भावनाएं आहत

भाजपा पार्षद की मौजूदगी में मृत बैल को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटे जाने से गौसेवकों की भावनाएं आहत हुई है। ट्रैक्टर ट्रॉली भीतर नहीं घुसने की स्थिति में छोटी ट्राली या ठेले के माध्यम से मृत बैल को कुछ दूर तक ले जाया जा सकता था, लेकिन यहां पर लापरवाही और संवेदनहीनतापूर्वक कार्य किया गया और ट्रैक्टर से बांधकर मृत बैल को खींचा गया।

### निगम ने लिया संज्ञान

वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से सफाई दरोगा शुभम साहू, वार्ड प्रभारी अख्तर अली, कर्मचारी मंगतु और सुरेश को मृत पशु का अंतिम निष्पादन विधिवत नहीं किए जाने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### नहीं जा रही थी ट्राली

इधर कर्मियों का कहना है कि जिस जगह पर बैल की मृत्यु हुई थी, वहां तक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित घुसना संभव नहीं हो रहा था। इस वजह से ट्रैक्टर की ट्राली कुछ दूर पर ही रखी गई थी और ट्रैक्टर के माध्यम से मृत बैल को रस्सी के सहारे बांधकर खींचा गया था। बैल को खींचते समय इसके नीचे एक प्लास्टिक की बोरी भी रखी गई थी।

### निर्माण कार्यों के राशि में गड़बड़ी

- ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा पत्र, कार्रवाई की रखी मांग

**राजनांदगांव।** धर्मापुर पंचायत के पूर्व सरपंच राही बंजारे द्वारा निर्माण कार्यों की राशि में भारी गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने 21 अगस्त को कलेक्टर को पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग रखी।

पूर्व में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा एवं जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजनांदगांव के माध्यम से पत्र के माध्यम से धर्मापुर की पूर्व सरपंच राही बंजारे को सूचित किया गया है कि छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत राशि वसूली बाबत की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राज के पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत धर्मापुर में निर्माण कार्यों की राशि 4,87,200 रुपए आहरण कर उन अनाधिकृत रूप से अपने पास रखे हुए हैं। 20 सितंबर 2024 के पूर्व उपरोक्त बकाया राशि न्यायालय उपस्थित होकर जमा करें। नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होने एवं राशि जमा नहीं करने पर छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम में दिए गए प्रावधान अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि 1,36,000 रुपए का भी आहरण कर लिया गया है। इस तरह से पूर्व सरपंच राही बंजारे द्वारा शासकीय निर्माण कार्यों की राशि में भारी गड़बड़ी की गई है। इसके अलावा पूर्व सरपंच राही बंजारे को शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के अधीन के तहत वर्ष 12 जून 2023 दो साल बीत जाने के बावजूद 4,71,521 रुपए (राशन दुकान) की भी राशि वसूली की जानी थी, लेकिन आज पर्यंत तक शासन-प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि पूर्व सरपंच राही बंजारे से राशि की बकाया वसूली करें।

# चेंबर ऑफ कामर्स ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेम्बर ऑफ कामर्स राजनांदगांव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत बनाने स्वदेशी वस्तुओं को जन-जन तक पहुंचने के अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने स्वदेशी अभियान के समर्थन में एक विशाल रैली निकाली और स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ के नारे को बुलंद करते रैली गंज लाइन स्थित बालाजी मंदिर से शुरू हुई, जो तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन होते हुए गुड़ाखू लाइन से जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक होते हुए सिनेमा लाइन से वापस भारत माता चौक पहुंची, जहां स्वदेशी रैली का समापन किया गया।

समापन अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने कहा कि उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के बढ़ते प्रभाव को कम करने 50% टेरिफ लगाने की घोषणा की। श्री पारख ने कहा कि अगर अमेरिका 100 प्रतिशत टेरिफ लगाएगा तो भी भारत के नागरिक अपने विचारों से और देशभक्ति के माध्यम से भारत के 140 करोड लोग स्वदेशी अपनाकर अमेरिका को करारा जवाब देंगे।कार्यक्रम का संचालन विनोद डड्डा ने किया।




### लोकल प्रोडेक्ट में पर्याप्त गुणवत्ताः बैद

आभार प्रदर्शन में चेंबर के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में आज एक साथ स्वदेशी अभियान के इस आंदोलन का आगाज किया गया है। उन्होंने बताया कि एक ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को गुलाम बना दिया था, आज हजारों की संख्या में विदेशी कंपनियां भारत में व्यापार कर रही है और भारत के लोकल प्रोडक्ट गुणवत्ता पूर्ण होने के बाद भी लोगों की हीन मानसिकता के कारण पिछड़ते जा रहे हैं।

### व्यापारियों की रही उपस्थिति

रैली में खूबचंद पारख, मन्नुमल मोटलानी, आशीष अग्रवाल, रूपचंद भीमनानी, राहुल बोहरा, बलविंदर बग्गा, हर्ष चितलांगिया, आलोक बिंदल, विनोद डड्डा, भीमन धनवानी, तरुण लहरवानी, अमर लालवानी, शिव अग्रवाल, मुरली पंजवानी, अंकित खंडेलवाल, राजकुमार शर्मा, मनोज निर्वाणी, दीपक नौलखा, ललित भंसाली, भागचंद गीडिया, महेंद्र सुराणा, विजय कांकरिया, राजकुमार बाफना, जितेश पटेल, दिलीप वाधवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।






हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025






## खबर संक्षेप

### ग्राम घोरपेंड्री में एक दिवसीय सतनाम झूला का आयोजन

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम घोरपेंड्री में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय 24 घंटे का सतनाम झूला का कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें शनिवार सुबह 11 से लेकर रविवार 11 बजे तक समस्त सतनामी समाज द्वारा सतनाम संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के सतनामी समाज के मंडली द्वारा सतनाम सतनाम संकीर्तन का शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं ग्राम घोरपेंड्री सहित क्षेत्रवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कर सतनाम संदेश को सुनकर अपने जीवन को धन्य बनाया।

### संविदा भर्ती के लिए 24 सितंबर तक करें आवेदन

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा जिला विधिक सेवा क प्राधिकरण कवर्धा अंतर्गत कार्यालय लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के लिए डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल की संविदा आधार पर भर्ती की जाएगी। इसे लेकर विज्ञापन जारी किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तारीख 24 सितंबर शाम 5 बजे तक है। आवेदन पत्र कार्यालय में रखे ड्रॉप बॉक्स या रजिस्टर्ड डाक से भेजे जा सकते हैं।

# क्षेत्र में किसानों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मनाया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, घोरपेंड्री, भगतपुर, धनेली, बसनी, दामापुर व कुंडा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा बैल का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गांव के सुख, शांति, समृद्धि व खुशीहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। बताया जाता है कि पोला तिहार जिसे बैल पोला या पोला-पिठोरा भी कहते हैं, यह हमारे छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार में से एक है। यह पर्व किसानों द्वारा भाद्रपद की अमावस्या को मनाया जाता है, जिसे कृषि उत्सव भी कहते है। इस दिन बैलों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी पूजा की जाती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार कंस द्वारा भेजे गए पोलासुर नामक राक्षस को कृष्ण ने वध किया था, इसी दिन को पोला कहा जाने लगा इस पर्व पर किसान अपने बैलों से कोई काम नहीं लेते, बल्कि उनका श्रृंगार करते हैं और उन्हें विशेष भोजन खिलाते हैं। बच्चे भी मिट्टी के बैल चलाते हैं और कई जगह बैल दौड़ का आयोजन भी किया जाता है। पोला तिहार मुख्य रूप से किसानों का धन्यवाद उत्सव है, जो खेती-किसानी के काम में बैलों की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन किसान अपने बैलों की पूजा करके अच्छे पैदावार और घर में समृद्धि की कामना करते हैं।



## पोला पर्व पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने शाला परिसर में किया पौधारोपण

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा पोला पर्व पर कदम का पौधरोपण किया गया। वहीं पौधरोपण कर पर्यावरण और जीवन वृक्षारोपण के महत्वपूर्ण को बताया, साथ ही वृक्ष हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करता है बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। पौधरोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में पौधरोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। वृक्ष हवा से कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसों को सोख लेते हैं और बदले में हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। स्वच्छ वायु हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। प्रदूषण और धूल से भरी हवा सांस लेने में तकलीफ, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करती है लेकिन वृक्ष इन हानिकारक तत्वों को कम करके हवा को शुद्ध और स्वच्छ बनाते हैं वृक्षारोपण वह प्रक्रिया है, जिसमें वृक्षों के पौधों को भूमि सुधार या भूनिर्माण उद्देश्यों के लिए रोपित किया जाता



है। यदि अधिक पेड़ लगाए जाएं तो दुनिया का पर्यावरण रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान बन जाएगा। जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित होगा। पेड़ लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत अधिक आवश्यक है। विद्यालय में पौधरोपण में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही।

# मोहतरा कला में रामधुनी श्रीहरि संकीर्तन झुला कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में मां महामाया बोल बम समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा रामधुनी श्रीहरि संकीर्तन झुला का भव्य आयोजन शिव मंदिर के समीप किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए श्रीरामचरित मानस का पाठ कर ग्रामचार्या के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें पं प्रहलाद तिवारी, राधेलाल तिवारी एवं मां महामाया बोल बम समिति के सदस्य तथा ग्रामवासियों के उपस्थिति में किया गया। इस रामधुनी श्री हरि संकीर्तन के कार्यक्रम में आसपास सहित दूर दराज के श्रीहरि संकीर्तन मंडली ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार सरपंच श्रीमती वर्षा नीलेश चन्द्रवंशी ने हरिकीर्तन मंडली कुई को दिया, द्वितीय पुरस्कार राजीव चन्द्रवंशी ने दलपुरवा को, तृतीय रमेश चन्द्रवंशी ने सोढ़ा को, चतुर्थ योगेश चन्द्रवंशी ने हथमुड़ी को, पांचवां यशवंत चन्द्रवंशी ने नाउडीह को, छठवां उमेश चन्द्रवंशी ने दीयाबार को तथा सातवां उपसरपंच ईश्वरी यादव ने जैतपुरी मंडली टीम को भगवान श्रीरामचंद्र का फोटो-फ्रेम देकर सम्मानित किया गया तथा मां महामाया बोल समिति के सदस्यों को मोमेंटो, जनपद प्रतिनिधि माखन चन्द्रवंशी द्वारा दिया गया।

इस कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में ग्राम पटेल सुरेश चन्द्रवंशी, पूर्व सरपंच रोहित चन्द्रवंशी एवं समस्त मां महामाया बोल समिति के सदस्य तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं श्रोता गण उपस्थित थे।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने रचाई सुंदर-सुंदर मेहंदी व गणेश प्रतिमा



**कवर्धा।** शनिवार को श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में मेहंदी सजाओ एवं गणेश प्रतिमा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को खास बनाने के उद्देश्य से सभी बच्चों के लिए आने वाले दिनों में बहुत सारे त्यौहार आने है, जिनमें श्रृंगार की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में मेहंदी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है, इसी प्रकार विघ्नहर्ता श्री गणपति का आगमन होने वाला है, जिसकी व्यापक तैयारी में भक्तगण लगे हुए हैं, इन्हीं त्यौहारों से जोड़ने के उद्देश्य से कवर्धा के श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकाधिक बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन की खास बात यह रही कि बच्चों ने आकर्षक मूर्ति बनाने के लिए इको फ्रेंडली सामग्रियों का ही प्रयोग किया, जो समाज को पर्यावरण संरक्षण की ओर प्रेरित करती है। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 1लीं से 2रीं वर्ग में कक्षा 1लीं की तृषा साहू व जयश साहू ने प्रथम, शौर्य जायसवाल कक्षा 2रीं व सुयश जैन 1लीं ने द्वितीय तथा शिवांगी मानिकपुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग के बच्चों ने क्ले और मिट्टी दोनों से प्रतिमा का निमार्ण किया। क्ले में अपेक्षा चन्द्रवंशी 4थीं व ओंजल कुर्रे 5वीं ने प्रथम, काव्या चन्द्रवंशी व सिद्धी चन्द्रवंशी 5वीं द्वितीय, वंश जोशी 4थीं व अथर्व गुप्ता 5वीं तृतीय स्थान तथा मिट्टी से प्रतिमा निर्माण में युवराज झारिया 5वीं प्रथम, दुलेश्वरी नेताम 5वीं द्वितीय एवं सेजल मानिकपुरी 3रीं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6वीं से 8वीं वर्ग के विद्यार्थियों हेतु गणेश आइडल मेकिंग में प्रथम जेसिका 6वीं, द्वितीय किरण साहू 7वीं तथा तृतीय स्थान पर चेतना ठाकुर 7वीं रहीं। तथा 9वीं 12वीं वर्ग के विद्यार्थियों में तुष्मिता 9वीं, द्वितीय वेद सोनी 9वीं तथा तृतीय स्थान पर दामिका रावते 9वीं रहीं। इस पूरे आयोजन को लेकर संस्था के डायरेक्टर डॉ आदित्य चन्द्रवंशी एवं प्राचार्या एम शारदा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में गणेश स्थापना को लेकर जागरूकता लाना एवं बच्चों में आत्मनिर्भरता का एक विकसित करना था। इस प्रतियोगिता का उद्येश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं सांस्कृति कौशल को बढ़ावा देना था ताकि सभी विद्यार्थी अपनी अगली पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़े रह सकें। इस कड़ी में मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं वर्ग के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान आंचल शिवोपासक 8वीं, द्वितीय अनम अंजुम 8वीं व तृतीय स्थान पर शिंवागी श्रीवास 8वीं तथा निशा पटेल 8वीं रही। तथा कक्षा 9वीं से 12वीं वर्ग के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पर प्रेरणा साहू 10वीं, द्वितीय स्थान पर दीपांजली गुप्ता 9वीं व तृतीय स्थान पर प्रियांशु चन्द्रवंशी 9वीं रहीं।

# छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रतिनिधि मंडल ने नव पदस्थ सहायक आयुक्त से किए सौजन्य मुलाकात की

- विभिन्न विषयों पर संगठन पदाधिकारी से चर्चा किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शुक्रवार को छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे के नेतृत्व में नवपदस्थ सहायक आयुक्त लक्ष्मी पटेल को गुलदस्ता भेंटकर सौजन्य मुलाकात किया गय। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि जिले के समस्त आश्रम छात्रावास की वर्तमान स्थिति को देखते हुए संगठन की ओर मांग किया गया है, जिसमें जीर्णशीर्ण भवन, मरम्मत



योग्य भवन का मरम्मत कराया जाए, जिले का एकमात्र एकलव्य आवासीय विद्यालय देखरेख के अभाव में छत से पानी टपक रहा है मरम्मत कराई जाए, अतिरिक्त कक्ष में रहने वाले शाला स्टॉप को खाली कराकर कर बच्चों को उपलब्ध कराए, आदिवासी आश्रम छात्रावास में आदिवासी संवर्ग के अधीक्षक की पदस्थापना हो। एकलव्य आवासीय विद्यालय तरेगांव का विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम काफी निराशाजनक लगभग 25 प्रतिशत से भी कम रहा, बेहतर परिणाम हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की कार्यवाही करें, जिले के आश्रम व छात्रावास तक सुगम पहुंच मार्ग हो ताकि बच्चे स्कूल से हॉस्टल कर आने-जाने में कोई कठिनाई न हो। वहीं ठाठापुर-रामपुर में अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास के सामने के रास्ते कीचड़ से भरा पड़ा है। ऐसे ही कई आश्रम छात्रावास है, जहा की रास्ते बारिश के दिनों में चलने योग्य नही रहता। उक्त सभी विषयों पर संगठन पदाधिकारी ने चर्चा किया, जिस पर सहायक आयुक्त लक्ष्मी पटेल ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाया कि आने वाले कुछ ही महीनों में आश्रम, छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय का बदला हुआ स्वरूप सामने आएगा।

## विकासखण्ड स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड स्तरीय पांच दिवसीय विषय आधारित प्रशिक्षण गणित एवं हिन्दी विषय में 18 से 22 अगस्त तक हाई स्कूल कैलाशनगर कवर्धा में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बीआरसी केशलाल साहू द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पणकर विधि-विधान से पूजन किया गया। तत्पश्चात कक्षा 6वीं नवीन पाठ्य पुस्तक मल्हार एवं गणित (प्रकाश) आधारित इस प्रशिक्षण मे हिंदी में 98 एवं गणित मंठ 72 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया प्रशिक्षण मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शैक्षिक प्रणाली का मुख्य उद्देश्य एवं नीति मार्गदर्शित सिद्धांत में निहित रचनात्मक क्षमताओ के बारे में विस्तृत जानकारी कौशल बोध, कृति, और खेल यात्रा के माध्यम से बच्चो में व्यावसायिक कौशल, सांस्कृतिक कौशल एवं शारीरिक कौशल के विकास कैसे किया जा सकता है इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। सिखने के प्रतिफल, वर्तमान चुनौतियां एवं अध्यापन की रणनीतियो की बारीकियों को समझाया गया प्रभावी शिक्षण विभिन्न गतिविधियां टीएलएम का निर्माण कराया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एफएल वर्मा, डाईट प्राचार्य टीआर साहू, व्याख्याता डीके चंद्रवंशी, रामकुमार पाण्डेय, सहायक विख शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी, अजय चन्द्रवंशी एवं डीआरजी ग्रुफ से प्रशिक्षक कुलेश्वरसिंह राजपूत, राजीव श्रीवास्तव द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। इस प्रशिक्षण मे प्रमुख शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चो ने 21वीं सदी के कौशल विकसित करने पर जोर दिया। समापन कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार शर्मा एवं चंद्रप्रकाश जांगड़े द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## तीन दिवसीय खो-खो लींग प्रतियोगिता का आयोजन



**कवर्धा।** आध्यात्मिक नगरी कवर्धा की पावन धरा पर राज्य एवं जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 22 से 24 अगस्त तक आयोजित छत्तीसगढ़ खो-खो लींग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय व रामकुमार भट्ट सभापति जिला पंचायत, राजेन्द्र चंद्रवंशी अध्यक्ष जिला भाजपा, जसविंदर बग्गा उपाध्यक्ष जिला भाजपा, श्रीमती सुषमा गणपत बघेल जनपद अध्यक्ष, संतोष पटेल पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, दिनेश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष कबड्डी संघ, सुधीर पांडेय सदस्य राज्य विधिक प्रकोष्ठ, सतविंदर पाहुजा शहर अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। छत्तीसगढ़ में प्रथम बार आयोजित इस खो-खो लींग प्रतियोगिता में प्रदेश के 22 जिलों के 08 दल के 170 प्रतिभागी, 30 ऑफिशियल, 24 कोच, मैनेजर सम्मिलित है। इस प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कवर्धा कॉलेज मैदान के इंडोर स्टेडियम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा, प्रधानमंत्री ने एशियाड की तैयारी अभी से कर रहे है, खिलाड़ियों की सुविधा, कौशल विकास, पोषण आदि सभी क्षेत्रों में ध्यान दिया जा रहा है। सभी खेल एक ही स्थान पर हो इसके लिए खेल परिषर की मांग लोकसभा में किया गया है। जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ने कहा ये सिर्फ खेल नही है बल्कि हमारी गौरवशाली संस्कृति, सामूहिकता भाव, टीम भावना, राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक है।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर जेएनवी उड़िया कला में भव्य आयोजन

- सांसद संतोष पांडेय ने छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का दिया संदेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया कला में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जहां देश के महान वैज्ञानिकों को नमन किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद संतोष पांडेय रहे। विद्यालय के प्राचार्य नंदकिशोर लांजेवार ने स्वागत भाषण में भारत की अंतरिक्ष यात्रा, विशेषकर चंद्रयान की सफल सॉफ्ट लैंडिंग की ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख किया। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उन्हें विज्ञान और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। महिमा चंद्राकर कक्षा 10वीं, शैलेंद्र पटेल कक्षा 8वीं ने अंतरिक्ष विज्ञान की महत्ता पर प्रभावशाली भाषण दिए। सांसद श्री पांडेय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, नवाचार की दिशा में बढ़ने और देश के वैज्ञानिक सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि नवाचार ही भविष्य का आधार है और आने वाले कल के भारत को आगे बढ़ाने का दायित्व आप युवाओं पर है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की गौरवशाली छात्रा अदिति साहू कक्षा 8वीं को बैडमिंटन नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक एसके मिश्रा, पीजीटी, रसायनशास्त्र ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस समापन कार्यक्रम में सांसद ने विद्यालय परिषर का भ्रमण करते हुए संगीत कक्ष, कला कक्ष, गणित उद्यान एवं शैक्षणिक भवन का अवलोकन किया और विद्यालय के वातावरण की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025



## अंबेडकर चौक में डिजनी लैंड, महावीर चौक में गोकुल नगर की थीम पर स्थल सजावट, विराजेगी 15 फीट से ऊंची लाखों की आधा दर्जन मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

आगामी 27 अगस्त से शुरू होने जा रहे गणेश पर्व को लेकर शहर सहित अंचल में बड़े ही धूमधाम से तैयारियां शुरू हो गई है। विशालकाय मूर्तियों के साथ ही इस बार आकर्षक स्थल सजावट भी शहर में देखने को मिलेगी, जहां अंबेडकर चौक में डिजनी लैंड की थीम पर पंडाल तैयार किया जा रहा है। वहीं महावीर चौक में वृंदावन की थीम पर सजावट हो रही है। इसके अलावा शहर में पंद्रह फीट से अधिक उंची करीब आधा दर्जन मूर्तियों की स्थापना समितियों द्वारा की जाएगी। खास बात यह है कि इन मूर्तियों की कीमत ही दो से ढाई लाख रुपए है।

इधर छोटी मूर्तियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों ने भी अपनी दुकानें सजाना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि बड़ी संख्या में लोग गणेश चतुर्थी से एक या दो दिन पहले ही मूर्तियां खरीदी कर लेते हैं। इसके साथ ही एडवांस बुकिंग भी कराते हैं। यही कारण है कि अभी से ही मूर्तियों के चयन बाद बुकिंग का दौर शुरू हो गया है। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार शहर में ही छोटे-बड़े करीबन तीन सौ गणेश पंडाल इस बार लगाए जाएंगे। जिसके चलते किराये भंडार के पास भी ढ़ेरों आर्डर है। शहर की लगभग सड़कों पर गणेश पंडाल तैयार किए जाने का काम शुरू हो गया है।

### खास बातें

- बड़ी मूर्तियों के साथ मूर्तियों की भी सजने लगी शहर में दुकानें
- विसर्जन झांकी को लेकर भी समितियों ने शुरू की तैयारियां



### आकर्षित पंडाल भी किए जा रहे तैयार

शहर में मित्र मंडल, लघु मंडल, उमंग मंडल, बस स्टैंड सहित करीबन दर्जनभर गणेश समितियों द्वारा 12 फीट से अधिक ऊंची मूर्तिया स्थापित की जा रही है। इसके साथ ही शहर में समितियों द्वारा गणेश पंडाल को आकर्षित बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।



### पहुंचने लगी गणेश प्रतिमाएं

भले ही गणेश उत्सव की शुरुआत 27 अगस्त से होगी, लेकिन शहर में बड़ी मूर्तियां स्थापित करने वाली समितियों ने अभी से ही मूर्तियों को लाकर पंडाल में स्थापित करना शुरु कर दिया है। इसके पीछे समितियों का तर्क है कि मूर्तियों को रखने के बाद सजावट की जाएगी, इसलिए दो से तीन दिन पहले ही मूर्तियां लाई गई है।

### रग्बी प्रतियोगिता आज

राजनांदगांव। लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा रग्बी कोच के समायोजन से राज्य स्तरीय ट्राई साइकिल दिव्यांगों की रग्बी प्रतियोगिता कल 24 अगस्त को सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर में भाग लेने खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। उक्त आयोजन स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से प्रतियोगी भाग लेंगे।




### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

खैरागढ़। शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी संतराम भारती 32 वर्ष निवासी मुहडबरी थाना छुईखदान जिला केसीजी द्वारा कलेक्टर ऑफिस में शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी की गई। आरोपी ने विभिन्न व्यक्तियों से कुल 13,50,000 रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस को सूचना प्राप्त होते ही थाना खैरागढ़ में धारा 318(4), 336(3), 338, 340(1), 340(2) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते आरोपी संतराम भारती को तत्काल गिरफ्तार किया तथा माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।














विधानसभा पंडरिया की लोकप्रिय, कर्मठ, जुझारू विधायक
मा. भावना बोहरा जी
के जन्मदिन पर कोटि-कोटि बधाई शुभकामनाएं...
Happy Birthday
जगदीश साहू
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति
मर्या. बोड़तरा खुर्द
विजय कुमार चन्द्राकर
प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति
मर्या. बोड़तरा खुर्द
विनीत-सेवा सहकारी समिति मर्या. बोड़तरा खुर्द
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)




लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
अध्यक्ष
भागवत धृतलहरे
सेवा सहकारी सुकली गोविंद
चैतुराम साहू
महावीर चंद्राकर
केदार डहरिया
विनीत : सेवा सहकारी समिति सुकली गोविंगद वि.खं. पण्डरिया




ठाकुर धर्मजीत सिंह
पूर्व उपाध्यक्ष(छ.ग.विधानसभा)
विधायक तखतपुर
पंडरिया विधानसभा की
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना
बोहरा जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
श्री सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा
अध्यक्ष सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा
विनीत : सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा




जनसेवा ही
भावना
सनातन धर्म और संस्कृति के प्रसार हेतु
अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की
कांवड़ यात्रा करने वाली पंडरिया विधानसभा की
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
विनित: सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज पण्डरिया




24 अगस्त
सनातन धर्म और संस्कृति के प्रसार हेतु अमरकंटक से
भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करने वाली
पंडरिया विधानसभा की लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
विनीत: हरेंद्र सिंह राजपूत ग्राम पंचायत पंवरजली




संकलनकर्ता- बाबूलाल रजक (बबला), कुण्डा हरिभूमि, अखबार, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करे। मों 9131150359































संकलनकर्ता- दिनेश पाण्डेय कोलेगांव, हरिभूमि अखबार, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करे। मों 7987848805













संकलनकर्ता- रविनंदन पाण्डेय, कोदवा-गोड़ान हरिभूमि, अखबार, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करे। मों 9993981434


HAPPY BIRTHDAY TO YOU!
मा. भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं
मा. मो. अकबर भाई
पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


पण्डरिया विधानसभा की लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजकुमार चंद्रवंशी
सुगंधचंद चंद्रवंशी
शिवभजन चंद्रवंशी
सलील चंद्राकर
राजेन्द्र चंद्रवंशी
जिलाध्यक्ष
भाजपा कबीरधाम
विनीत: सलील चंद्राकर वरिष्ठ समाज सेवी


वैष्णवी फ्लेक्स पण्डरिया
8878439616
मान. अकबर भाई
24 AUGUST
को जन्म दिन की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
शुभेच्छुः- नवीन जायसवाल अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पण्डरिया

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | स.लोहारा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]




एम्बुलेंस वाली दीदी
जीवेत शरद : शतम्
छ.ग. विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक से सम्मानित
माँ नर्मदा अमरकंटक से 151 किमी पैदल बोलबम यात्रा
करने वाली देश की पहली महिला विधायक
पंडरिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक
भावना दीदी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
24 अगस्त
शुभजन्मदिवस
जनसेवा ही
भावना
विनीत :- इंद्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)


बेटियों की शिक्षा,
जनता के स्वास्थ्य,
महिलाओं के सशक्तिकरण
और पंडरिया
विधानसभा के विकास हेतु समर्पित
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
जसवंत कुमार साहू
उपाध्यक्ष - नगर पंचायत इंदौरी
अध्यक्ष - नगर पंचायत इंदौरी
विनीत- नगर पंचायत इंदौरी, कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)


सनातन धर्म और संस्कृति के प्रसार हेतु
अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की
कांवड़ यात्रा करने वाली पंडरिया विधानसभा की
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
विजय मरकाम
उप सरपंच
ग्राम पंचायत गांगपुर
समस्त पंचगण : बिसम्भर धुर्वे, नरेश धुर्वे, कृष्णा परस्ते
एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत गांगपुर
विकास खण्ड पण्डरिया जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
रसपाल सिंह टेकाम
सरपंच
ग्राम पंचायत गांगपुर
अर्जुन डाहिरे
सचिव
ग्राम पंचायत गांगपुर
विनीत : ग्राम पंचायत गांगपुर वि.खं. पण्डरिया


सरल एवं सहज व्यक्तित्व,
जनसेवा और पंडरिया विधानसभा के
विकास हेतु समर्पित
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी जी
जिला अध्यक्ष | भाजपा, जिला कबीरधाम
विनीत : समस्त भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी, जिला कबीरधाम


भावना
एक प्रयास बेहतर कल के लिए
एम्बुलेंस वाली
दीदी
जनसेवा, महिला
सशक्तिकरण
और पंडरिया विधानसभा
के विकास हेतु प्रतिबद्ध
पंडरिया विधानसभा की
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
भावना दीदी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
- विनीत -
संतोष शर्मा
जिला संयोजक
भावना समाज सेवी संस्थान


सनातन धर्म और संस्कृति के प्रसार हेतु
अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की
कांवड़ यात्रा करने वाली पंडरिया विधानसभा की
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत-सुमीत तिवारी उपाध्यक्ष नगर पालिका पंडरिया व क्षेत्रवासी विधानसभा पंडरिया


जीवेत शरद: शतम्
श्री रौशन दुबे
जिला पंचायत सदस्य कवर्धा
अशोक साहू
अध्यक्ष, साहू समाज
संगीता अशोक साहू
सरपंच
पंडरिया विधानसभा की लोकप्रिय विधायक एवं समाजसेविका
श्रीमती भावना बोहरा जी
को जन्मदिन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत - समस्त युवा कार्यकर्ता ग्राम टाटीकसा










संकलकर्ता- दिनेश पाण्डेय, कोलेगांव हरिभूमि, अखबार, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करे। मों 7987848805

**हड़ताल:** पटवारी, एनएचएम कर्मचारी, अधिकारी-कर्मचारी सहित आम जनता भी हड़ताल की राह पर

# सरकार गठन के महज दो सालों में आंदोलन का दौर लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अमुमन हड़ताली सीजन चुनावी वर्ष को माना जाता है, जिसमें शासकीय कर्मचारी, अधिकारी से लेकर आम नागरिक, ग्रामीण और किसान सहित अन्य वर्ग व समुदाय के लोग अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर हड़ताल का रास्ता अपनाकर शासन पर दबाव बनाने का प्रयास करते हैं। लेकिन संभवतः यह पहला मौका है जब प्रदेश में सरकार गठन के महज दो साल के भीतर ही हड़ताल की बाढ़ सी आ गई है। मौजूदा दौर की बात की जाए तो प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश सहित जिलेभर के पटवारी ऑनलाईन हड़ताल पर हैं इनके द्वारा करीब आधा दर्जन से अधिक मांगों को लेकर ऑनलाईन कार्य गत 16 अगस्त से बंद कर दिया गया है। जिसके चलते राजस्व संबंधी ऑनलाईन कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है और लोगों के साथ किसानो को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इसी प्रकार प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश सहित जिलेभर के एनएचएम कर्मचारी अपनी संविलियन सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 6 दिनो से हड़ताली तंबू ताने जिला मुख्यालय कवर्धा में बैठे हैं। जिसके चलते समूचे जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है और खामियाजा जरूरतमंद मरीज भुगत रहे हैं। वहीं 22 दिसम्बर को अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के समस्त नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने भी अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय काम बंद कलम बंद आंदोलन कर सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे भी आने वाले दिनो में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने मजबूर हो जाएंगे। इसी प्रकार 22 अगस्त को ही अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के तहत तमाम शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपनी 13 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतरे और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। सुनने में आया है कि मनरेगा कर्मचारी भी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसके अलावा कबीरधाम जिले में सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, खाद की किल्लत को लेकर आए दिन छोटे बड़े धरना प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। 22 अगस्त को ही जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कामठी में स्थापित एक मंदिर को लेकर लम्बे समय से चले आ रहे दो पक्षों के विवाद के बीच एक पक्ष ने पंडरिया ब्लाक मुख्यालय में चक्काजाम कर दिया। जिसके चलते घंटो कवर्धा-बिलासपुर तथा पंडरिया-कुकदुर मार्ग का आवागमन बाधित रहा। आरोप है कि प्रदर्शनकारी पक्ष के आवेदन पर शासन-प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है। निश्चित रूप से प्रदेश व जिले की यह मौजूदा स्थिति क्या बयां कर रही है यह बताने की जरूरत नहीं है।

### लोगों का आरोप भुगतना पड़ रहा है खामियाजा




लोगों का आरोप है कि विभिन्न राजनैतिक दल चुनावी वर्ष में सत्ता हंथियाने के लिए शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों, गैर सरकारी, संविदा कर्मचारियों सहित विभिन्न वर्ग और समुदायों को गारंटी, आश्वासन, घोषणा और वायदों के नाम पर अपने पक्ष में कर वोट तो बटोर लेते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद यही गांरटी, आश्वासन, घोषणा और वायदों के पूरा नहीं होने पर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जो मौजूदा दौर में देखने को मिल रही है। जिसका खामियाजा हड़तालियों के साथ आम जनता को भी भुगतना पड़ता है।

# भोरमदेव थाना परिसर में हंगामा करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव थाना पुलिस ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात थाना परिसर में अनुशासन भंग कर हंगामा करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि इस मामले में आरोपी दीपक उर्फ छोटका चंद्रवंशी, नवीन साहू और गौतरिहा यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक उर्फ छोटका चंद्रवंशी अपने दो साथियों के साथ थाने में घुस आया। वह अपने साथ एक व्यक्ति को शराब पिलाकर लाया था जो ड्यूटी में मौजूद अधिकारियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया कि किसने उसके साथी को जेल भेजा है। आरोपी अत्यधिक उत्तेजित था और पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गाली गलौंच कर रहा था। इस दौरान पुलिसकर्मियों के कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई और थाना परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

पुलिस के मुताबिक नवीन साहू और गौतरिहा यादव ने भी दीपक का साथ देते हुए थाने के अनुशासन को भंग किया तथा अफरा-तफरी का माहौल बनाया। यह आचरण न केवल कानून व्यवस्था के विरुद्ध था, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का दुस्साहस भी था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया और उनके विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन आज



**कवर्धा।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेन्द्र शिव ज्योति भवन छीरपानी कॉलोनी कवर्धा में 24 अगस्त को संस्था के द्वितीय मुख्य प्रशासिका रही दादी प्रकाशमणी जी की पुण्य स्मृति दिवस (विश्व बन्धुत्व दिवस) के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर का आयोजन 24 अगस्त को प्रातः10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक जिसमें विशेष रूप से संस्था के संपर्क के भाई-बहन रक्त दान करेंगे और कोई भी रक्तदाता इस पुन्य कार्य में सहभागी बन सकता है।

### संविदा भर्ती के लिए 24 सितंबर तक करें आवेदन

**कवर्धा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कवर्धा अंतर्गत कार्यालय लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के लिए डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल की संविदा आधार पर भर्ती की जाएगी। इसे लेकर विज्ञापन जारी किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तारीख 24 सितंबर शाम 5 बजे तक है। आवेदन पत्र कार्यालय में रखे ड्रॉप बॉक्स या रजिस्टर्ड डाक से भेजा जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# परामपरानुसार अंचल में मनाया गया पोला का पर्व

## पर्व को लेकर बच्चों में दिखा खासा उत्साह



- पर्व को लेकर ग्रामीणों व बच्चों में दिखा खासा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भादो मास की अमावस्या को पड़ने वाला पोला पर्व नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पोला पर्व में मिट्टी से बने बैल और बर्तनों की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा बैल की पूजा कर बैल दौड़ का आयोजन भी किया गया।

पोला पर्व के विशेष पकवान कहे जाने वाले ठेठरी-खुरमी का बच्चों ने खूब आनंद उठाया और पूजा पश्चात बैल दौड़ाकर पर्व की खुशी में झूमते रहे। पोला में लड़कों ने जहां मिट्टी से बने बैल दौड़ाकर पर्व का आनंद उठाया वहीं लड़कियों ने मिट्टी से बने बर्तनों एवं अन्य खिलौनों के साथ पर्व की खुशियां बांटी। पर्व की परम्परा के अनुसार रविवार को नगर के ग्रामीण अंचलों में बैल को सजाकर पूजा.अर्चना पश्चात बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम के लगभग सभी किसानों ने अपने बैलों को सजाधजा कर इस बैलदौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें विजयी बैलों के मालिकों को पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। पोला पर्व के चलते स्थानीय नवीन बाजार में सुबह से ही काफी भीड़ थी। पर्व के पहले खरीददारी नहीं कर पाए लोगों ने आज मिट्टी के बैल, बर्तन, और पकवान बनाने के लिए सामान सहित पूजा में उपयोग किए जाने वाली सामग्री की जमकर खरीदी की। कुल मिलाकर पोला पर्व की नगर सहित ग्रामीण अंचलों में धूम रही।

### किसानों ने की अपने बैलों की पूजा

पोला पर्व पर प्रतीक स्वरूप मिट्टी के बैलों की तो पूजा की ही जाती है साथ ही जिन किसानो के पास पशु धन के रूप में बैल हैं उन्होंने अपने बैलों की विशेष रूप से साज सज्जा कर उनकी विधि विधान से पूजा अर्चना की और भगवान से अच्छी फसल तथा पशुधन में बरकत की कामना की। कई स्थानो में पोला पर्व पर बैल दौड़ का भी आयोजन की भी परम्परा है।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल कवर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संगोष्ठी आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, रानी दुर्गावती चौक, कवर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कबीरधाम जिले के संपर्क विभाग द्वारा प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य झा एवं मुख्य वक्ता के रूप में सुनील कुलकर्णी, अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख उपस्थित थे। संगोष्ठी का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं संगठन के पदाधिकारियों के परिचय से हुआ। मुख्य अतिथि श्री झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रवाद और सनातन की रक्षा हेतु प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन का कुछ समय अवश्य समर्पित करना चाहिए। उन्होंने संघ कार्यकर्ताओं के निःस्वार्थ सेवा भाव और त्याग की सराहना की। मुख्य वक्ता सुनील कुलकर्णी ने



अपने उद्बोधन में संघ कार्य की सौ वर्षों की यात्रा, समाज विकास में योगदान तथा संगठन की दृढ़ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य बोध) के माध्यम से समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए अस्पृश्यता मिटाकर सभी वर्गों से आत्मीय संबंध स्थापित करना होगा। कुटुंब प्रबोधन द्वारा परिवार में एकता और संवाद को बढ़ावा देना होगा। स्वदेशी अपनाकर भोजन, भजन, वेश, भाषा और भ्रमण में देशज संस्कृति को प्राथमिकता देनी होगी। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक का उपयोग कम करना, जल संरक्षण और वृक्षारोपण आवश्यक है। नागरिक कर्तव्य बोध को जीवन में उतारकर राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला संघचालक दानेश्वर परिहार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान से आदिवासी विकास की नई इबारत, कबीरधाम में तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी सेवा अभियान का आयोजन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा।

इस सोलह दिवसीय आयोजन का उद्देश्य सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ जमीनी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को सशक्त करना और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। इस दौरान ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान, शिकायत निवारण एवं सेवा प्रदाय शिविर, आदिवासी सेवा दिवस और आदिवासी सेवा हेतु निश्चय समय का आयोजन नियमित रूप से होगा।

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का ही अगला चरण है। इसकी परिकल्पना विश्व के सबसे बड़े जनजातीय नेतृत्व आंदोलन के रूप में की गई है, जो बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत तैयारियों की समीक्षा की है। उन्होंने अभियान के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में शासन की प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंच सके।

बैठक में आदिम जति विकास सहायक आयुक्त एलपी पटेल ने बताया कि कबीरधाम जिले में इस अभियान के तहत कुल 275 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का चयन किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित कर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में पूर्व में कलेक्टर, एसपी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक की।

**शिक्षकों का ब्लाक स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण छिरहा स्कूल में आयोजित**

# ब्लॉक प्रशिक्षण में छिरहा प्राचार्य ने आमंत्रित वक्ता के रूप में दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय के कैलाश नगर स्थित शासकीय हाई स्कूल में कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं में गणित अध्यापन करने वाले शिक्षकों के ब्लॉक स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण में शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने आमंत्रित वक्ता के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. चन्द्रवंशी ने रोचक दृष्टांत व उदाहरणों के माध्यम से बताया कि हमें सबसे बेहतर अनुशासन का पाठ गणित ही पढ़ाता है। जरा सा अनुशासन से भटकने पर उत्तर गलत हो जाते हैं। हमारे जीवन में अनुशासन ही हमें आगे बढने का अवसर देता है। ज्यादातर लोग गणित को कठिन मानते हैं। वास्तव में गणित कठिन नहीं, बल्कि सरल विषय है, जो विषय जीवन के प्रत्येक कार्य से जुड़ा हो, वह कठिन कैसे हो सकता है? गणित में अवधारणा की



समझ आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बच्चों की अवधारणात्मक समझ को प्राथमिकता दिया गया है। इसी के अनुरूप गणित का पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। नए पाठ्यपुस्तक में बच्चों में रटने की प्रवृत्ति को कम करने, समझ व कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसी के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हमें शिक्षण के नए तरीके, नए उदाहरण व सहायक शिक्षण सामग्री के प्रयोग के लिए तैयार करता है, जिससे बच्चों को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा दे सकें। इस दौरान प्रशिक्षण प्रभारी खण्ड स्त्रोत समन्वयक केशलाल साहू, मास्टर ट्रेनर विकाश शर्मा, गब्बर सिंह महिलांग, शिवनंदन सिन्हा एवं प्रशिक्षार्थी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### द्विविमिय व त्रिविमीय अवधरणा को सरलता से किया स्पष्ट

डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस दौरान शिक्षकों को कागज का एक पत्ता दिखाकर द्विविमिय व त्रिविमीय आकृतियों के अवधरणा को आसान तरीके से स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि आस-पास में आसानी से उपलब्ध होने वाले सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग कर बच्चों के समक्ष गणितीय अवधारणा को प्रभावी रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम श्री सेजेस पंडरिया में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर ब्लाक स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का शनिवार को आयोजन किया गया। सड़क दुघर्टना के प्रति छात्र-छात्राओं और समाज में जागरुकता पैदा करने के लिए प्रत्येक हाई और हायर सेकंडरी विद्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों से अधिकतम पांच प्रतिभागियों की टीम ने भाग लिया। पीएम श्री सेजेस पंडरिया, शाउमावि कन्या पंडरिया, शाउमावि कुंडा, महली, कोड़ापुरी, मोहगांव, कामठी



और हाई स्कूल सोमनापुर नया मोहगांव, कामठी और हाई स्कूल सोमनापुर नया के 35 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बी.आर.सी.पंडरिया अर्जुन चंद्रवंशी और सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर सी साहू के साथ आठों विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी और प्राचार्य पीएम श्री सेजेस पंडरिया जीआर साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी टीम को क्रमशः दो हजार पांच सौ, दो हजार और एक हजार पांच सौ रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार तीन स्कूलों को एक-एक हजार रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।













संकलकर्ता- दिनेश पाण्डेय, कोलेगांव हरिभूमि, अखबार, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करे। मों 7987848805










संकलकर्ता- पुष्कर लहंगीर, पाण्डातराई हरिभूमि, अखबार, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करे। मों 9977775677